दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 94 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। गुरुवार, 05 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष चतुर्थी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# लोकसभा में विपक्ष का भारी हंगामा



## पीएम मोदी का भाषण टला, कार्यवाही एक दिन के लिए स्थगित



### महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की खाली कुर्सी घेरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई। शाम 5 बजे प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही कल तक स्थगित कर दी। इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया।

#### पीएम की स्पीच से पहले क्या हुआ

शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था- जो सही है, वो करो। ये सांसद मंगलवार को हंगामे के बाद 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन का विरोध कर रही थीं। हंगामे के चलते स्पीकर ने कार्यवाही स्थगित कर दी। कुछ मंत्रियों ने विपक्षी सांसदों से जाने को कहा, इसके बाद उन्होंने घेराव बंद किया।

#### स्पीकर के ऑफिस में बीजेपी और विपक्ष के सांसदों के बीच बहस

इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच भी बहस हुई। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है, इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं।

### पीयूष गोयल बोले- अमेरिका और भारत की ट्रेड डील ऐतिहासिक

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफ डील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि डील ऐतिहासिक है। भारत के कृषि और खाद्य क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। यह डील भारत के विकास में बेहद फायदेमंद होगी। गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। विपक्ष ने 'एलओपी(राहुल गांधी) को बोलने दो', नरेंद्र मोदी-सरेंडर मोदी और 'डरता है डरता है नरेंद्र मोदी डरता है' के नारे लगाए। विपक्ष के हंगामें पर लोकसभा को दोपह 2 बजे तक स्थगित किया गया।

### खड़गे बोले- देश में बुलडोजर पॉलिटिक्स हो रही है

देश खतरनाक दौर से गुजर रहा। भारत की पहचान डाइवर्सिटी और थॉट्स की प्रैक्टिस रही है। उत्तराखंड में सद्भावना को मार दिया गया। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो कैसे सुरक्षा मिलेगी। आपके पास सहिष्णुता नहीं है। आप केवल वोटों के लिए लड़ते हैं। भाजपा के एक सीएम मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाकर बयान दे रहे। ये सीएम हमेशा मुसलमानों के खिलाफ बात करते हैं।

देश में सिलेक्टिव टार्गेटिंग और बुलडोजर पॉलिटिक्स का इस्तेमाल हो रहा है। नड्डा जी आपकी मजबूरी है कि मोदी का समर्थन कर रहे हैं। मोदी केरल में चुनाव आने पर चर्च में जाते हैं लेकिन उन पर होने वाले अत्याचार पर खामोश रहते हैं। इसाइयों और मसुलमानों के खिलाफ जहर उगले बिना भाजपा के लोगों को खाना हजम नहीं होता। आपको पावर मिला है उसका ठीक से इस्तेमाल करो देश की छवि को नुकसान पहुंच रहा है।

राष्ट्रपति जिन्होंने गरीब और कमजोर की पीड़ा को खुद देखा है। उनके भाषण में उसका जिक्र नहीं था। पीएम संसद में सवालों से बचते हैं। 16वीं 17वीं लोकसभा में 8123 सवाल पूछे गए। सिर्फ 13 पर जवाब दिया किया। बाकी सब खारिज हो गए। स्टेटहुड पर जम्मू और कश्मीर और लद्दाख पर मेरे सवालों को खारिज कर दिया। उसको हाइपोथेटिकल (काल्पनिक) कहा गया।

सरकार बोलती है सबका साथ सबका विकास लेकिन ये बोलने भर की है। गैर-एनडीए राज्यों में राजभवन में आरएसएस बीजेपी के दफ्तर बन गए हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल में राज्यपालों ने भाषण पढ़ने से इनकार किया। क्या अध्यक्ष जी आपने कभी इनकार किया।

भारत में 1% लोगों के पास 40% संपति है, जबकि 50% आबादी के पास सिर्फ 15% एसेट हैं। गुजरात के सीएम रहते मोदी ने रुपये की गिरावट को मनमोहन जी की उम्र से जोड़ा था, आज रुपया मोदी जी की उम्र भी पार कर चुका है। जब विपक्ष में थे तब भी देश की इज्जत की चिंता नहीं थी। नौजवानों की पीड़ा से सरकार बेपरवाह है। सरकारी 9.7 लाख पद आज भी खाली हैं।

नोटबंदी, लॉकडाउन, बुलेट ट्रेन, काला धन, ये सब जुमले कहां गए। लोग भुलाना चाहते हैं पर भुला नहीं पाते। कितने झूठ बोलते हैं। आप देश को युवाओं को इजराइल जैसे एक्टिव वॉर जोन में भेज रहे हैं। विश्व गुरु बन रहे हैं। अरे गुरू लोगों को नौकरी तो दो।

मनरेगा एक्ट को खत्म मत करो। नया एक्ट किसानों-मजदूरों महिलाओं के खिलाफ है। गांधी जी के नाम पर कम से कम राइट टू वर्क बहाल होने दो। हाल के महीने में लेबर कोड को सरकार ने जोरशोर से प्रचार किया।

मनरेगा खत्म मत करो। नया एक्ट किसान-मजदूर-महिलाओं के खिलाफ है। गांधी के नाम पर राइट टू वर्क तो रहने दो। लेबर कोड के बहाने पुराने श्रमिक कानून दोस्तों के फायदे के लिए खत्म किए गए, यूनियनों को दबाया गया। अंबेडकर का नाम लेते हो और उनके कानून मिटाते हो। 11 साल के अच्छे दिन प्रदूषण में गायब हैं। लोग हवा खरीद रहे हैं। ईज ऑफ लिविंग की बात करने वाले ईज ऑफ ब्रीथिंग नहीं दे पा रहे।

1971 के बाद पहली बार बांग्लादेश-चीन-पाकिस्तान नजदीक आए। यह विदेश नीति की नाकामी है। चीन से सख्ती की बातें कर आज सरेंडर किया गया।

## जम्मू-कश्मीर में जैश के 2 आतंकियों के एनकाउंटर

### उधमपुर में गुफा में छिपे थे, सेना ने ग्रेनेड से उड़ाया; चतरू में भी एक आतंकी ढेर

बढ़ता राजस्थान

**उधमपुर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैस का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। वो इलाके में कई साल से सक्रिय था।

मुठभेड़ मंगलवार को शाम 4 बजे शुरू हुई थी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के पास से माई कार्बाइन, एके-47 असॉल्ट राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है।

उधर, किश्तवाड़ के ही चतरू इलाके में बुधवार शाम को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एनकाउंटर हुआ। इसमें भी एक आतंकी को सेना ने मार गिराया।

## संसद परिसर में सीढ़ियों से गिरे सांसद शशि थरूर

### अखिलेश यादव और सांसदों ने संभाला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद परिसर में बुधवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर सीढ़ियों से उतरते समय फिसलकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद सांसदों और कर्मचारियों ने तुरंत उनकी मदद की। कांग्रेस सांसद शशि थरूर मोबाइल फोन पर बात करते हुए संसद भवन परिसर में सीढ़ियों से उतर रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वे गिर पड़े। इस दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य सांसदों ने तुरंत आगे बढ़कर उन्हें संभाला। संसद के स्टाफ ने भी उन्हें खड़ा होने में मदद की। थरूर के गिरने की घटना के बाद वहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि थरूर को कोई गंभीर चोट लगने की सूचना नहीं है। सांसदों ने उनका हालचाल भी जाना। शशि थरूर के साथ हुए हादसे का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है।

## 'भारत किसी के दबाव में नहीं आएगा'

### अजीत डोभाल ने अमेरिका को दिया कड़ा संदेश

बढ़ता राजस्थान






**नई दिल्ली।** वाशिंगटन और नई दिल्ली के बीच पिछले कुछ महीनों से चले आ रहे तनाव के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 फरवरी 2026 को एक आश्चर्यजनक व्यापार समझौते की घोषणा की। इस समझौते के तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर लगे टैरिफ को 50% से घटाकर 18त्न कर दिया है, जबकि रूसी तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% दंडात्मक शुल्क भी हटा दिया गया है। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी तेल की खरीद बंद करने, अमेरिका और संभावित रूप से वेनेजुएला से तेल खरीदने, अमेरिकी सामानों पर शुल्क शून्य करने और 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामान खरीदने पर सहमति जताई है। हालांकि, पीएम मोदी ने अपने बयान में केवल 18त्न टैरिफ में कमी की पुष्टि की है और रूसी तेल या अन्य शर्तों पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की। भारतीय अधिकारियों ने समझौते के कुछ विवरणों की पुष्टि नहीं की है, और कोई लिखित दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किया गया है।

#### अजीत डोभाल की अमेरिका को दो टूक

यह समझौता सितंबर 2025 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच हुई गोपनीय बैठक से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, डोभाल ने रुबियो को स्पष्ट संदेश दिया था कि भारत ट्रंप प्रशासन के दबाव में नहीं आएगा और आवश्यकता पड़ने पर उनके कार्यकाल तक इंतजार करने को तैयार है, क्योंकि भारत ने पहले भी शत्रुतापूर्ण अमेरिकी प्रशासनों का सामना किया है। डोभाल ने कहा कि अमेरिका को भारत की सार्वजनिक आलोचना कम करनी चाहिए ताकि संबंध सुधर सकें। ट्रंप ने अगस्त 2025 में भारत को मृत अर्थव्यवस्था करार दिया था और रूसी तेल खरीद के लिए 50% टैरिफ (25% आधार + 25% दंड) लगा दिए थे, जिससे दोनों देशों के संबंध बिगड़ गए थे। डोभाल की बैठक के बाद सितंबर में ट्रंप ने मोदी को जन्मदिन की बधाई दी, और साल के अंत तक दोनों नेताओं ने कई फोन कॉल किए। दिसंबर में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के आगमन से भी प्रयास तेज हुए। हालांकि समझौते की घोषणा से नई दिल्ली के कई वरिष्ठ अधिकारी हैरान रह गए, क्योंकि उन्हें उस दिन ट्रंप-मोदी कॉल की जानकारी नहीं थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता भारत-अमेरिका संबंधों में सुधार का संकेत है, लेकिन भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखना चाहता है।

## सोना 1.57 लाख पर पहुंचा, दो दिन में 7,879 महंगा



#### चांदी 18,497 बढ़कर 2.82 लाख/किलो


**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 4 फरवरी को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, आज सर्राफा बाजार में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 5,096 रुपए बढ़कर 1,56,625 रुपए हो गया है। इससे पहले ये 1,51,529 रुपए पर था। सोना दो दिन में 7,879 रुपए महंगा हुआ है। चांदी की कीमत आज 18,497 रुपए बढ़कर 2,82,462 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

इससे पहले इसकी कीमत 2,63,965 रुपए थी। दो दिन में ये 22,962 रुपए बढ़ चुकी है। वहीं सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का हाई बनाया था।

मुकेश अंबानी की भविष्यवाणी

## '30 ट्रिलियन डॉलर की होगी भारतीय इकोनमी'

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े उद्योग समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत अगले तीन दशकों में 25 से 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है। जियो-ब्लैकरॉक के संयुक्त कार्यक्रम इन्वेस्टिंग फॉर ए न्यू एरा में ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक के साथ एक परिचर्चा में अंबानी ने भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर जोर दिया।

#### 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा

अंबानी ने कहा कि भारत पारंपरिक रूप से बचत का देश रहा है, लेकिन अब समय आ गया है कि यहां की युवा पीढ़ी बचत करने से ज्यादा निवेश करने पर ध्यान दे। उन्होंने जोर दिया कि बचत को पूंजी बाजार में निवेश करने से न केवल व्यक्तिगत संपत्ति बढ़ेगी बल्कि देश की आर्थिक वृद्धि को भी मजबूती मिलेगी।

#### बचत के बजाय निवेश पर ध्यान केंद्रित करने की राय

लैरी फिंक ने इसे भारत का युग करार देते हुए कहा कि भारत जैसे तेजी से बढ़ते देश में दीर्घकालिक तौर पर इक्विटी निवेश संपत्ति सृजन का सबसे प्रभावी माध्यम हो सकता है। अंबानी ने भारत की मजबूत नीतियों, राजनीतिक स्थिरता, इंफ्रास्ट्रक्चर में और ज्यादा निवेश, 5जी और डिजिटल क्रांति को भावी विकास की बुनियाद बताया।


#### जियो-ब्लैकरॉक ने निवेश सलाह योजना शुरू की

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला बताया, जिससे 1.4 अरब लोगों तक उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं सुलभ और किफायती दरों पर पहुंचनी शुरू हो जाएंगी।

## शरद पवार बोले-फडणवीस विलय की बातचीत में शामिल नहीं थे

### उन्हें कमेंट करने का अधिकार नहीं; विद्या प्रतिष्ठान में अजित के बेटों से मिले एनसीपी-एसपी चीफ

बढ़ता राजस्थान



**बारामती।** एनसीपी (एसपी) चीफ शरद पवार ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों के बीच विलय की चर्चा में शामिल नहीं थे। इसलिए उन्हें इस पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

बारामती में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शरद ने दावा किया कि एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल और उनके भतीजे और एनसीपी चीफ अजित पवार विलय की बातचीत का नेतृत्व कर रहे थे। शरद पवार ने यह भी कहा कि उन्हें खुशी है कि सुनेत्रा पवार ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली है। दरअसल सीएम फडणवीस ने पिछले दिनों कहा था कि अगर एनसीपी मर्जर की बातचीत सच में चल रही होती, तो अजित पवार ने उनके साथ यह बात शेयर की होती। महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती में प्लेन दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद ही शरद पवार और उनकी पार्टी के नेताओं ने दावा किया था कि विलय के लिए 12 फरवरी की तारीख तय की थी। शरद ने कहा, फिलहाल हमारा पूरा ध्यान इस समय शोक में डूबे सभी लोगों का ख्याल रखने और सबको साथ लेकर आगे बढ़ने पर है।

## भारत 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में

### 6 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला; अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, आरोन जॉर्ज का शतक



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत ने 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया। 6 फरवरी को टीम इंडिया का फाइनल मैच इंग्लैंड के साथ होगा। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 310 रन बनाए हैं। टीम से फैजल शिनोजादा (110 रन) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं। भारत से दीपेश देवेन्द्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट झटके। 311 रन के जवाब में भारतीय टीम ने ओपनर आरोन जॉर्ज (115 रन) के शतक की बदौलत 41.1 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली। टीम से वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और कप्तान आयुष म्हात्रे (62 रन) ने फिफ्टी लगाई। भारत ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज किया है। इतना ही नहीं, भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा टारगेट चेज किया है। इस मुकाबले में 620 रन बने। जोकि भारत और अफगानितान की टीमों के बीच यूथ वनडे मैच में सबसे ज्यादा हैं। पिछला रिकॉर्ड 521 रनों का था, जोकि 5 साल पहले 27 दिसंबर 2021 को आईसीसी के दुबई मैदान पर बना था।

# विधायक बराड़ ने विधानसभा में उठाया सार्दुल व करणी सिंह ब्रांच की रीलाइनिंग का मुद्दा

## मॉंग पूरी हुई तो पाँच विधानसभा क्षेत्रों के लाखों किसान होंगे लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** विधानसभा में सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने ध्यान आकर्षण के माध्यम से भाखड़ा सिंचाई प्रणाली की दो प्रमुख जीवनदायिनी नहरों- सार्दुल ब्रांच एवं करणी सिंह ब्रांच की अत्यंत जर्जर स्थिति तथा इनके शीघ्र रीलाइनिंग कराए जाने की आवश्यकता का मुद्दा प्रभावी रूप से उठाया। विधायक श्री बराड़ ने बताया कि वर्ष 1954-55 में निर्मित ये दोनों मुख्य वाहक नहरें पिछले सात दशकों से बिना रीलाइनिंग के संचालित हो रही हैं, जिसके कारण इनकी प्रवाह क्षमता में कमी आ चुकी है।

उन्होंने सदन को अवगत कराया कि करणी सिंह ब्रांच की कुल लंबाई 16.35 किलोमीटर है, जिसकी डिज़ाइन प्रवाह क्षमता 469 क्यूसेक निर्धारित है, जबकि वर्तमान में इससे निकलने वाली 7 वितरिकाओं/माइनरों एवं पीएचईडी की कुल जल माँग 530 क्यूसेक से अधिक है। इसी प्रकार सार्दुल ब्रांच की कुल लंबाई 60.35 किलोमीटर है, जिसकी डिज़ाइन प्रवाह क्षमता 1250 क्यूसेक थी, जो वर्तमान में घटकर लगभग 1080 क्यूसेक रह गई है, जबकि इससे निकलने वाली 15 वितरिकाओं/माइनरों, मोघों एवं पीएचईडी की कुल जल माँग 1400 क्यूसेक से अधिक है।

विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने बताया कि सार्दुल ब्रांच से निकलने वाली प्रमुख वितरिकाएँ- भगतपुरा वितरिका, संगरिया वितरिका, नाथवाना वितरिका, रत्नपुरा वितरिका, मोरजण्ड वितरिका, मम्मड़खेड़ा वितरिका, नगराना वितरिका, लीलांवाली वितरिका, रोड़ावाली वितरिका, नवां वितरिका, जोड़कियाँ वितरिका, मोडिया वितरिका, सूरतगढ़ वितरिका, पीलीबंगा वितरिका एवं लोंगेवाला वितरिका तथा करणी सिंह ब्रांच से निकलने वाली वितरिकाएँ- हरिपुरा वितरिका, सूरतपुरा वितरिका, दीनगढ़ वितरिका, भाखड़ावाली वितरिका, अमरपुरा वितरिका, प्रतापपुरा वितरिका एवं करणी सिंह वितरिका से जुड़े क्षेत्रों में सिंचाई की निर्भरता पूरी तरह भाखड़ा नहर प्रणाली पर है।

उन्होंने बताया कि इन दोनों शाखाओं का संयुक्त सीसीए लगभग 2,33,860 हेक्टेयर है, जिसमें करीब 5,42,800 किसान कृषि कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में नहरों की जर्जर स्थिति, अत्यधिक जल छीजत एवं क्षमता में कमी के कारण अंतिम छोर के किसानों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

साथ ही वर्षा ऋतु में नहरों के ओवरफ्लो होने से खड़ी फसलों एवं समीपवर्ती आबादी को नुकसान पहुँचने की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने सरकार से माँग की कि भाखड़ा सिंचाई प्रणाली की इन दोनों प्रमुख शाखाओं की शीघ्र रीलाइनिंग कराई जाए, ताकि नहरों की डिज़ाइन प्रवाह क्षमता पुनर्स्थापित हो, जल छीजत पर प्रभावी नियंत्रण हो तथा अंतिम छोर तक किसानों को अधिकृत सिंचाई जल उपलब्ध हो सके। विधायक श्री बराड़ कि यदि यह माँग पूरी होती है, तो सादुलशहर, सूरतगढ़, पीलीबंगा, हनुमानगढ़ एवं संगरिया विधानसभा के लाखों किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे, जिससे फसल उत्पादकता बढ़ेगी और क्षेत्र की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को स्थायित्व प्राप्त होगा।

# रोटरी क्लब उद्यम ने किसानों को दिया मशरूम खेती का प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उद्यम ने निकटवर्ती गांव काया क्षेत्र के ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए काया गाँव में मशरूम खेती प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मशरूम को एक टिकाऊ फसल के रूप में प्रोत्साहित करना तथा किसानों को अतिरिक्त आय के साधन उपलब्ध कराना था।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष वैभव शर्मा ने बताया कि मशरूम खेती कम लागत में अधिक लाभ देने वाली गतिविधि है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकती है। वहीं इवेंट चेयर राहुल सागर एवं देवेंद्र चैधरी ने कहा कि यदि मशरूम को मिड-डे मील (मध्याह्न भोजन) योजना में शामिल किया जाए, तो बच्चों के भोजन में आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ेगी और उनके पोषण स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा।

यह कार्यक्रम रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर उद्यम द्वारा सरकारी संस्था आरसीए कॉलेज के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में आरसीए कॉलेज के विशेषज्ञ डॉ. नारायण लाल मीणा, अविनाश कुमार नागदा एवं किशन सिंह राजपूत ने मशरूम की विभिन्न किस्मों की खेती पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत क्लब की चल रही ग्राम विकास परियोजना 'अक्षय ऊर्जा' के तहत गाँव को दो सोलर ट्यूब लाइट्स भी भेंट की गईं। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# रोटरी सेवा के लिए डॉ. ऋतु वैष्णव को मिला एवेन्यू ऑफ सर्विस अवार्ड



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी इंटरनेशनल के अंतर्गत रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की कोटा में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस 'प्रवाह' में रोटरी में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए डॉ. ऋतु वैष्णव को सर्विस ऑफ एवेन्यू अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब उदयपुर उदय की पूर्वाध्यक्ष डॉ. ऋतु वैष्णव को समाज सेवा एवं रोटरी गतिविधियों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान सभी पूर्व जिला प्रान्तपालों द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में रोटरी इंटरनेशनल अध्यक्ष के प्रतिनिधि पूर्व प्रान्तपाल जवाहर वलदमानी, अजय काला, बलवंत चिराना, राखी गुप्ता, डॉ.निर्मल कुणावत, निर्मल सिंघवी, प्रान्तपाल प्रज्ञा मेहता, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट अरुण बगड़िया,डीजीएनडी डॉ. के.सी. शर्मा एवं प्रान्तपाल मनोनीत एंव पूर्व प्रान्तीय सचिव दीपक सुखाड़िया विशेष रूप से मौजूद थे।

# रोटरी क्लब ऑफ पन्नाधाय द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ पन्नाधाई द्वारा हरिदास जी मगरी स्थित सेंट जेवियर स्कूल में कैंसर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। क्लब संरक्षक रोटेरियन भानु प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति जन-जागरूकता फैलाना, इसके कारणों, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व को जनमानस तक पहुँचाना रहा। रोटरी क्लब पन्नाधाय अध्यक्ष रोटेरियन सुरभि खत्री ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला गवर्नर नॉमिनी रोटेरियन दीपक सुखाड़िया (क्लब एडवाइजर) सहित चिकित्सा क्षेत्र की जानी-मानी विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की डॉ. पूजा गांधी तथा डॉ. जया टांटिया वर्मा ने कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक लक्षणों एवं जीवनशैली में आवश्यक बदलावों पर विस्तार से जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में रोटरी पन्नाधाई क्लब के सदस्य रोटेरियन अशोक पालीवाल, रोटेरियन राजेश शर्मा, रोटेरियन राजेंद्र अग्रवाल, रुखसाना साबुनवाला, पूनम अग्रवाल एवं रोटेरियन अनिका भसीन, रोटेरियन प्रवीण जोशी की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन कुणाल यादव रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन क्लब सेक्रेटरी रोटेरियन तारिका भानुप्रताप सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम का संयोजन अत्यंत प्रभावशाली ढंग से शुभांगी वारांगांवकर द्वारा किया गया व अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# देवालयों में चोरी के आरोपी गिरफ्तार, जेवरात बरामद

## आभूषण व दस्तावेज चुरा ले गए थे

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** कालन्द्री थाना क्षेत्र के सिलोइया गांव स्थित देवालयों में चोरी का राजफाश करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी गए जेवरात भी बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार सिलोइया गांव के देवालयों में चोरी को लेकर पुजारी कैलाशकुमार माली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया था कि मंदिर व ऑफिस के ताले तोड़कर चोर मुकुट, छत्र, नथ, तिलक प्याला, नकदी व दस्तावेज आदि चुरा ले गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी आधार पर साक्ष्य जुटाए तथा तीन जनों की पहचान की। पुलिस ने दबिश देकर आरोपियों को पाली जिले के नाणा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। इसमें उदयपुर जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र में पीपला निवासी राजाराम पुत्र मालाराम, मीणी मावटी निवासी चेनाराम पुत्र आशाराम गमेती व खूटाखेत-उखलियात निवासी रमेश पुत्र भवनाराम गमेती शामिल है। पूछताछ के बाद इनके पास से चोरी गया माल बरामद कर लिया गया।

# 150 फीट गहरे सूखे कुएं में गिरे गौवंश की मौत, बजरंग दल ने निकाला शव

## प्रशासन से खुले कुओं को बंद कराने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )** । नगर पालिका पावटा प्रागपुरा क्षेत्र के भांकरी गांव के मालियों की ढाणी में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक गौवंश करीब 150 फीट गहरे सूखे कुएं में गिर गया। सूचना मिलते ही बजरंग दल एवं गौरक्षक दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और बोरिंग करने वाली मशीन के लाव (रस्सों) की मदद से घंटों मशक्कत कर गौवंश को बाहर निकाला। पावटा बजरंग दल प्रखंड संयोजक पवन शर्मा ने बताया, सूचना मिलते ही हमारी टीम मालियों की ढाणी मौके पर पहुंची। कुआं बेहद गहरा और सूखा था। मशीन और रस्सों की सहायता से गौवंश को बाहर निकाला गया, लेकिन तीन दिन तक कुएं में फंसे रहने, भूख-प्यास और गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो चुकी थी। यह बेहद पीड़ादायक दृश्य था। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने इस घटना को लापरवाही का परिणाम बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों से ऐसे खुले मुंह के कुओं को तत्काल चिन्हित कर बंद कराने की मांग की। उनका कहना था कि क्षेत्र में कई ऐसे खुले कुएं हैं, जो पशुओं और लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। इस दौरान पवन शर्मा, नितेश शर्मा, सुभाष सिंह राजनोता, सचिन सिंह, अजय सिंह, गुड्डू, दिनेश, करतार, जीपी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि खुले पड़े कुओं पर तुरंत सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# जीपीएस ट्रेकिंग के साथ जा रहा हवाला का सोना-चांदी जब्त

## निजी बस में जोधपुर से अहमदाबाद जा रहा था हवाला कुरियर



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आबूरोड में एक व्यक्ति से भारी मात्रा में सोना-चांदी व नकदी बरामद किए गए हैं। इनका मूल्य एक करोड़ से अधिक आंका गया है। सोना-चांदी व नकदी हवाला कारोबारी के बताए जा रहे हैं, जो कुरियर के साथ जोधपुर से अहमदाबाद भेजे गए थे। खास तो यह रहा कि कुरियर को ट्रेक करने के लिए जीपीएस भी साथ था। पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि आबूरोड रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। मावल चौकी के समीप एक निजी बस से यात्रा कर रहे व्यक्ति से भारी मात्रा में सोना-चांदी व नकदी बरामद किए गए। उसके पास से दो जीपीएस भी मिले। माल का कोई बिल नहीं मिलने से गोल (जावाल-बरलूट) निवासी बस यात्री चंदूलाल जैसाराम सैन को गिरफ्तार कर लिया गया।

**आधा किलो से सोना, सवा किलो चांदी**-पुलिस के अनुसार त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस अब हवाला कारोबारियों पर भी नजर रख रही है। इसके मद्देनजर यह कार्रवई की गई है। बस यात्री चंदूलाल सैन के पास से 513 ग्राम सोना, एक किलो 390 ग्राम चांदी, दो लाख रुपए से ज्यादा नकदी व दो जीपीएस बरामद किए गए हैं। वह इस माल को जोधपुर से अहमदाबाद ले जा रहा था।

# सोयाबड़ी की आड़ में शराब तस्करी, ट्रक में भरा माल जब्त

## गुजरात जा रही पंजाब निर्मित शराब की बड़ी खेप जब्त

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही ( नि.स. )।** मंडार थाना पुलिस ने मंगलवार रात कार्रवाई कर पंजाब निर्मित शराब की बड़ी खेप बरामद की है। तस्कर सोयाबड़ी की आड़ में शराब को गुजरात ले जा रहा था। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात मंडार में टोल प्लाजा के समीप नाकाबंदी में एक ट्रक आरजे 09 जीबी 4610 को रूकवाया गया। इसमें सोयाबड़ी भरी मिली। संदेह होने पर गहनता से जांच की गई। इस पर सोयाबड़ी की आड़ में छिपे शराब के 800 कर्टन बरामद हुए। पंजाब में बिकने के लिए निर्मित यह खेप अवैध रूप से गुजरात जा रही थी। पुलिस ने यह माल जब्त कर परसनेऊ (राजलदेसर-चूरू) निवासी गणेशाराम पुत्र प्रेमाराम नायक को गिरफ्तार कर लिया।

**कई जिलों से पार होकर पहुंचा**-पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि शराब भरा ट्रक कई जिलों को पार करते हुए यहां तक पहुंचा। मंडार से निकलने के बाद सीधे गुजरात में घुस जाता। अवैध शराब से भरा यह ट्रक कोटपुतली-बहरोड, जयपुर, अजमेर, ब्यावर, पाली होते मंडार तक पहुंचना बताया है।

# पूर्ण संवेदनशीतला व गंभीरता से कार्य करने का आह्वान

## जिलास्तरीय कार्यक्रम में संपूर्णता अभियान का आगाज



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** जिले में संपूर्णता अभियान 2.0 का बुधवार को आगाज किया गया। अभियान 14 अप्रेल तक चलेगा। इसके तहत आशान्वित जिला से पांच व ब्लॉक से संबंधित छह संकेतक चिह्नित किए गए हैं, जिनमें शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है। समारोह में जिला प्रमुख अर्जुनराम ने अधिकारियों को पूर्ण संवेदनशीलता व गंभीरता से कार्य करते हुए लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। कहा कि प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने की जरूरत है। विकसित भारत व विकसित राजस्थान के स्वप्न को साकार करने के लिए पूरी मेहनत से काम करने एवं जन-जन तक लाभ पहुंचाने की बात कही। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने आंकड़ों के समयबद्ध अपडेशन एवं जमीनी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करने की बात कही। साथ ही अधिकारियों को सामूहिक प्रयासों से सर्वोत्तम काम करने का आह्वान किया। एडीएम राजेश गोयल, सीईओ प्रकाशचद अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य दलीपसिंह मांडानी ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया। वहीं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। एसीईओ शैलेन्द्र जोशी, जिला परिषद सदस्य पदमा मीणा, सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी, सामाजिक न्याय से राजेन्द्रकुमार आदि मौजूद रहे।

# पावटा-प्रागपुरा में ओयो कल्चर पर सामाजिक सवाल अभिभावकों ने प्रशासन से कड़क निगरानी की मांग की

बढ़ता राजस्थान




**पावटा ( नि.स. )।** राष्ट्रीय राजमार्ग-48 और आसपास के शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों से तेजी से बढ़ रहे ओयो होटल, कैफे और छोटे लॉज व्यवसाय अब सामाजिक बहस का विषय बन गए हैं। स्थानीय अभिभावकों एवं नागरिकों ने आरोप लगाए हैं कि कई इकाइयाँ बिना उचित लाइसेंस, बिना पहचान सत्यापन और बिना निगरानी के संचालित हो रही हैं, जिससे क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियाँ, सुरक्षा खतरे एवं किशोर-वर्ग पर विपरीत प्रभाव को लेकर चिंता बढ़ी है। अभिभावकों का कहना है कि सुबह और दोपहर के समय कई ओयो एवं कैफे में युवा लड़के-लड़कियों की संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह का कल्चर विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों के छात्रों को भटका रहा है। कई परिवारों का दावा है कि सोशल मीडिया और छुपे हुए संपर्कों के चलते कुछ युवाओं द्वारा घर से बिना बताकर लव मैरिज व भागकर विवाह जैसे मामले भी सामने आए हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यह मामला केवल नैतिकता या सामाजिक दृष्टिकोण का नहीं बल्कि कानूनी और प्रशासनिक प्रोटोकॉल का है। होटल व ओयो संचालन के लिए पहचान सत्यापन (चङ्कष्ट), ष्टष्टञ्जङ्क निगरानी, विजिटर रजिस्टर, पुलिस इंटिमेशन, फायर हृह्रष्ट और लाइसेंस अनिवार्य होता है। लेकिन स्थानीय स्तर पर इन मानकों को लेकर लापरवाही व शिथिलता की शिकायतें गंभीर स्वर में उठ रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ते ओयो कल्चर पर नियंत्रण के लिए कानूनी निरीक्षण व लाइसेंसिंग, युवाओं के लिए मार्गदर्शन व काउंसलिंग, सुरक्षा व प्रोटोकॉल की सख्त मॉनिटरिंग व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। अभिभावकों ने पुलिस, नगर पालिका और जिला प्रशासन से संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाने, बिना अनुपालन संचालित इकाइयों को सील करने और विद्यार्थियों पर विपरीत प्रभाव रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने की मांग उठाई है। स्थानीय निवासियों का मत है कि यदि व्यवस्था पारदर्शी, कानूनी और सुरक्षित रूप में लागू की जाए तो होटल व्यवसाय को लाभ होगा और समाज में अनुशासन भी कायम रहेगा।

# 7 फरवरी को को पावटा में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर कस्बे में आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है । कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए आयोजन समिति के कार्यकर्त्ता मण्डल के गांव गांव जाकर लोगों से सम्मेलन में पहुॅचने का आह्वान कर रहे हैं । कस्बा पावटा साहित आसपास के गांवों में हिन्दू सम्मेलन के बैनर लगाये गये है। पावरा मण्डल अध्यक्ष डॉ . जयराम यादव व संयोजक गोपाल मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 7 फरवरी शनिवार को दोपहर 12-15 बजे कस्बे के आदर्श विद्या मन्दिर में क्षेत्र के संत महात्माओं के पावन सानिध्य में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें भारत माता की शोभायात्रा के साथ भव्य भगवा रैली, संत समागम, सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

## प्राचीन सिद्धपीठ श्री कल्याणजी मंदिर, हातोज धाम में विधायकों ने किए दर्शन, हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** कालवाड़ रोड स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री कल्याणजी मंदिर, हातोज धाम में फुलेरा विधायक एवं जयपुर देहात पश्चिम कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विद्याधर सिंह चौधरी तथा आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्री कल्याणजी महाराज के दर्शन किए और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिर के महंत रमेश वशिष्ठ ने दोनों विधायकों का कल्याणघणी माला से स्वागत करते हुए चरणामृत, दुपट्टा एवं प्रसाद भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। उपस्थित जनसमूह ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए क्षेत्र की उन्नति एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान झोटवाड़ा रामप्रकाश जाट, मंदिर पुजारी पं. नीरज वशिष्ठ सहित अनेक गणमान्यजन एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## स्व.कन्हैया लाल मित्तल की द्वितीय पुण्यतिथि पर गीता भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर निराश्रितों को भोजन करवाया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** देहदानी, नेत्रदानी व मानव कल्याण समिति राजस्थान के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल मित्तल की द्वितीय पुण्यतिथि पर गीता भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर निराश्रितों को भोजन करवाया। कार्यक्रम संयोजक केशव मित्तल ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज मेहता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजय व समाजसेवी अरुण भार्गव , रामपुरा मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश महावर सहित शहर के गणमान्य नागरिकों व समिति के अध्यक्ष रमेश विजय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामलाल नामा, महासचिव यज्ञदत्त हाड़ा, जगदीश शर्मा ने श्री मित्तल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । इसके उपरांत गीता भवन में आने वाले निराश्रित व असहाय गरीब लोगों को भोजन कराया गया । इससे पूर्व सुबह नयापुरा बालाजी निवास स्थित गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज मेहता ने कहा कि श्री मित्तल ने समाज सेवा रक्तदान पर्यावरण चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किये जिनको कभी भुलाया नहीं जा सकता । पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने कहा कि उनका जीवन पूर्ण रूप से मानव सेवा के लिए समर्पित रहा, वह समाज सेवा के पर्याय थे। कोटा के जाने-माने समाजसेवी अरुण भार्गव ने बताया कि उन्होंने कैंसर के बचाव के लिए हजारों गोलियां धनवती की भाटी आने वाले समय में कैंसर से होने वाले खतरे से अवगत कराते रहे। इस अवसर पर राजेंद्र मित्तल, अर्चना राजावत, बंगाली प्रसाद, रमाकांत पारीक, सचिन जैन चंचल मित्तल, आकाश भार्गव, अंजलि मित्तल गीता भवन के महेंद्र मित्तल ,अशोक शर्मा, संजय सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## श्री बालाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन फाईनल मैच में भैंसलाना टीम विजयी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना में श्री बालाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला ग्राम भैंसलाना व सुदरपुरा की कुड़ी की ढ़ाणी की टीम के मध्य हुआ। जिसमें भैंसलाना की टीम विजयी रही। कप्तान सांवर सिंह के नेतृत्व में भैंसलाना टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये प्रथम पुरूस्कार ट्रॉफी व 21 हजार रूपये नकद जीते। वहीं उपविजेता कुड़ी की ढ़ाणी सुदरपुरा टीम को 11 हजार रुपये प्रदान किये गये। विजेता टीम के कप्तान सांवर सिंह ने बताया कि यह स्थानीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट पावटा क्षेत्र के युवाओं के बीच उत्साह और खेल भावना को बढ़ावा देने वाला रहा। आयोजकों ने सभी टीमों, खिलाडियों, अधिकारियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कुजोता सरपंच नेतराम ताखर, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मसिंह भैंसलाना, समाजसेवी गोविंद सिंह, सुरेश सिंह, वार्ड पंच हेमराज सिंह, रामेष्वर सिंह, बगड़ावत सिंह, समुंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, एड.दातार सिंह, भारत सिंह, रोहिताष सिंह, आनंद सिंह, विकास सिंह, संजय सिंह, आनंद सिंह, रविन्द्र सिंह, गोपाल सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# एससी-एसटी एवं पोक्सो न्यायालय समेत जिला स्तरीय सभी न्यायालय व कार्यालय जिला मुख्यालय कोटपूतली पर ही यथावत् रखे जाने की मांग

### अधिवक्ताओं का पेन डाउन कार्यस्थगन, न्यायिक कार्य रहे स्थगित, मुख्य न्यायाधीश व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** एससी-एसटी एवं पोक्सो न्यायालय समेत जिला स्तरीय सभी न्यायालय व कार्यालय जिला मुख्यालय कोटपूतली पर ही यथावत् रखे जाने की मांग को लेकर बुधवार को जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली के आह्वान पर न्यायालयों में पेन डाउन कार्यस्थगन रहा। इस दौरान सभी न्यायिक कार्य स्थगित रहें। वहीं जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि शर्मा को मुख्य न्यायाधीश के नाम तथा जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले के एससी-एसटी एवं पोक्सो न्यायालय के जिला मुख्यालय कोटपूतली पर न्यायिक कार्य प्रारम्भ हो चुके हैं। जिनको किसी भी प्रकार से पूर्णतः या भागतः किसी भी अन्य स्थान पर स्थानान्तरित नहीं किया जावें, उक्त न्यायालय पूर्ण रूप से जिला मुख्यालय कोटपूतली पर ही यथावत रखे जावें। साथ ही सभी जिला स्तरीय न्यायालय भी शीघ्र ही जिला मुख्यालय कोटपूतली पर प्रारम्भ किये जावें। ज्ञापन में यह भी मांग की गई हैं कि ऐसी समस्त पत्रावलियां जिनका न्यायिक क्षेत्र विराटनगर लगता है और अभी तक भी वह पत्रावलियां शाहपुरा अपर जिला एवं सत्र न्यायालयों में विचाराधीन है उन सभी पत्रावलियों को तुरन्त प्रभाव से जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटपूतली स्थानान्तरित किया जावें। जिले के राजस्व अपील अधिकारी की स्थापना कोटपूतली जिला मुख्यालय पर की जावें तथा कलक्टर मुद्रांक का कार्यालय व क्षेत्राधिकार भी अलवर से हटाकर कोटपूतली खोला जावें। इस दौरान उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत, सचिव मुकेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अजय सिंह तंवर, वरिष्ठ अधिवक्ता हरिराम यादव, रामचन्द्र यादव, बजरंग लाल शर्मा प्रथम, मुरारी लाल शर्मा, हरिशंकर चतुर्वेदी, मधुसूदन अग्रवाल, ओमप्रकाश सैनी, पी.के. जोशी, अशोक आर्य, जितेन्द्र रावत, सुरेन्द्र शर्मा, अमरसिंह चौधरी, रोहिताश शर्मा, अशोक योगी, राजेन्द्र कुलदीप, राजेन्द्र चौधरी, राजेश चौधरी, प्रेमप्रकाश शर्मा, के.के. शर्मा, गजराज यादव, सतीश हाडिया, सुबेसिंह मोरोडिया, पुरूषोतम बिदाणी, विवेक त्यागी, शिवकुमार शर्मा, समर यादव, लालचन्द यादव, अजय रोहिला, सुमित शर्मा, संदीप शर्मा सहित सैकडों अधिवक्ता मौजूद रहें।

## राज-सीईएस महाविद्यालयों में संविदा नियुक्तियों की चयन प्रक्रिया पर तत्काल रोक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पुर्नसंरचना की माँग




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) की ईकाई राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय कोटपूतली द्वारा बुधवार को राज-सीईएस महाविद्यालयों की वर्तमान संकल्पना एवं संचालन व्यवस्था के विरोध में शांतिपूर्ण एवं मर्यादित विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर काली पट्टी बांधकर तथा मांगों से संबंधित प्ले-कार्ड्स लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। महासंघ का स्पष्ट मत है कि राज-सीईएस योजना के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों का वर्तमान स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना के विपरित है। इन महाविद्यालयों में स्थाई अकादमिक ढ़ांचे का अभाव, अपर्याप्त अधोसंरचना एवं संसाधन, शोध एवं नवाचार की संभावनाओं का ना होना तथा संविदा एवं अस्थाई नियुक्तियों पर आधारित अध्यापन व्यवस्था राज्य की उच्च शिक्षा को गुणवत्ता, बहुविषयकता एवं अकादमिक निरंतरता से दूर ले जा रही है। महासंघ ने अवगत कराया कि सत्र 2020-21 से 2022-23 के मध्य राज-सीईएस योजना के अंतर्गत 303 नवीन महाविद्यालय खोले गये तथा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में 71 अतिरिक्त राज-सीईएस महाविद्यालय खोले जा चुके हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 374 हो गई है। इनमें से लगभग 260 राज-सीईएस महाविद्यालयों में आज भी एक भी स्थाई संकाय सदस्य कार्यरत नहीं हैं जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता हैं। प्रदर्शन के उपरांत संगठन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उपखंड अधिकारी/जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री के नाम पृथक-पृथक ज्ञापन प्रस्तुत कर शीघ्र समाधान की माँग की गई। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन को लोकतांत्रिक एवं आंदोलनात्मक मार्ग अपनाने के लिये विवश होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। विरोध प्रदर्शन में महाविद्यालय के पदाधिकारी, अध्यक्ष, सचिव एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## एबीआरएसएम (उच्च शिक्षा) की शेखावाटी विश्वविद्यालय इकाई की ओर से प्रदर्शन

### राजसेस महाविद्यालयों में संविदा नियुक्तियों की चयन प्रक्रिया पर तत्काल रोक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पुनर्संरचना की मांग



बढ़ता राजस्थान

सीकर (नि.स.)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) की पंडित दीनदयाल शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर इकाई की ओर से राजसेस महाविद्यालयों की वर्तमान संकल्पना एवं संचालन व्यवस्था के विरोध में बुधवार को शांतिपूर्ण एवं मर्यादित विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्राध्यापकों ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर संगठन के बैनर के साथ, मांगों से संबंधित प्ले-काड्र्स लेकर अपना विरोध दर्ज कराया और इकाई सचिव श्री कन्हैयालाल जांगिड़ के नेतृत्व में कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारी प्रो. राजेंद्र सिंह, रामसिंह सरावग, डॉ. आरसी मीना और संकाय सदस्य डॉ. डीपी सिंह, डॉ. महेश गुप्ता, डॉ आरएस चुंडावत और डॉ. बीएस राठौड़ समेत कई प्राध्यापक उपस्थित रहे। महासंघ का स्पष्ट मत है कि राजसेस योजना के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों का वर्तमान स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना के विपरीत है। इन महाविद्यालयों में स्थायी अकादमिक ढांचे का अभाव, अपर्याप्त अधोसंरचना एवं संसाधन, शोध एवं नवाचार की संभावनाओं का न होना तथा संविदा एवं अस्थायी नियुक्तियों पर आधारित अध्यापन व्यवस्था राज्य की उच्च शिक्षा को गुणवत्ता, बहुविषयकता एवं अकादमिक निरंतरता से दूर ले जा रही है। महासंघ ने अवगत कराया कि सत्र 2020-21 से 2022-23 के मध्य राजसेस योजना के अंतर्गत 303 नवीन महाविद्यालय खोले गए तथा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में 71 अतिरिक्त राजसेस महाविद्यालय खोले जा चुके हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 374 हो गई है। इनमें से लगभग 260 राजसेस महाविद्यालयों में आज भी एक भी स्थायी संकाय सदस्य कार्यरत नहीं है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

प्रदर्शन के उपरांत संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वाराकुलसचिव पंडित दीनदयाल शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के माध्यम से मुख्यमंत्री,राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री के नाम पृथक-पृथक ज्ञापन प्रस्तुत कर शीघ्र समाधान की माँग की गई। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन को लोकतांत्रिक एवं आंदोलनात्मक मार्ग अपनाने के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## ठेका प्रथा खत्म करने की मांग तेज, महासंघ प्रतिनिधि मिले कार्मिक सचिव से, बोले- सीधा वेतन दो, 2 साल की छूट फिर लागू करो

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव और कार्मिक सचिव अर्चना सिंह से मुलाकात कर कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने मांग की कि पदोन्नति हेतु अनुभव व सेवा अवधि में 2 वर्ष की छूट इस वर्ष भी लागू की जाए और आगामी बजट वर्ष 2026-27 में भी बिना किसी शर्त के इसे जारी रखने की घोषणा की जाए। प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पिछले बजट में उपमुख्यमंत्री दिया कुमार द्वारा घोषणा की गई थी कि ठेका/प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए आरएमएलसी बोर्ड बनाकर सीधा वेतन दिया जाएगा, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हुआ। महासंघ ने इसे ठेका कर्मचारियों के शोषण से जुड़ा बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को सीधे भुगतान किया जाए। कार्मिक सचिव ने क्या कहा? कार्मिक सचिव अर्चना सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि संबंधित फाइल लगभग पूरी हो चुकी है और इसे जल्द चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

**अधीक्षण अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, वृत्त जयपुर**

क्रमांक :- राजकाज 20294807 दिनांक :- 03/02/2026

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या- 06/2025-26**

निम्नलिखित कार्य के लिए केंद्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र निर्धारित विक्रय तिथि को सांय 6.00 बजे तक कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, रा.रा.कृ.वि.बोर्ड वृत जयपुर से निर्धारित निविदा शुल्क एवं कार्य की अनुमानित लागत की दो/आधा प्रतिषत धरोहर राशि जमा करवा कर खरीदे जा सकते है। यह निविदा प्राप्त करने की निर्धारित तिथि 17.02.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक संवेदकों से अधीक्षण अभियन्ता वृत जयपुर कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। एवम उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा की प्रति SPPP से भी डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख में) | धरोहर राशि (2% & 0.50%) (Rs.) | निविदा शुल्क (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply Fixing & Installation of Fully Automatic 2000 KN CTM at Quality Control Lab. Jaipur including 2 yrs. Maintenance & Calibration after DLP period | 4.95 | 9900.00<br>2475.00 | 500/- |

निविदा प्रपत्र उन्ही निविदाताओं को बेचे जाएंगे जो निम्न शर्ते पूरी करेंगे –
1. फर्म/संवेदक का वस्तु एवं सेवा कर (GST) विभाग से पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. फर्म द्वारा धरोहर राशि व टेंडर फीस CASH/DD/NEFT/RTGS द्वारा अधीक्षण अभियंता रा.रा.कृ.वि.बोर्ड वृत जयपुर के नाम जमा करवाना होगा।
3. फर्म को अनुमानित लागत का 50 प्रतिशत या अधिक राशि का समान प्रकार का एकल कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. फर्म/संवेदक का आयकर विभाग का आयकर विभाग से पंजीकृत होना आवश्यक है।
5. सभी शर्ते अधिकारिक निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी।

UBN No. AGM2526GSOB01452

राज.संवाद/सी/25/19107 अधीक्षण अभियन्ता

# मिर्गी के दौरे का सीमित समय में यूनानी चिकित्सा से ईलाज-डॉ लियाक़त अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दौरे या मिर्गी के दौरे मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं—

**ए. फोकल (आंशिक) और बी. सामान्यीकृत**

सबसे पहले यह मस्तिष्क के एक हिस्से या दोनों हिस्सों में शुरू होते हैं , फिर इन्हें आगे कई उप-प्रकारों (जैसे टॉनिक-क्लोनिक, अनुपस्थिति, मायोक्लोनिक, एटोनिक) में बांटा जाता है, जिनमें बेहोशी, ऐंठन, झटके या सिर्फ चेतना में बदलाव जैसे लक्षण दिखते हैं, और कभी-कभी फोकल दौरे से सामान्यीकृत दौरे में बदल सकते हैं (द्वितीयक सामान्यीकृत) ।

**मुख्य श्रेणियां**

फोकल दौरे (पहले आंशिक दौरे)—ये मस्तिष्क के एक छोटे हिस्से से शुरू होते हैं।

1. फोकल सचेत दौरे—व्यक्ति होश में रहता है, अजीब संवेदनाएं, स्वाद या गंध महसूस कर सकता है, या स्वचालित हरकतें (जैसे हाथ रगडऩा) कर सकता है।
2. फोकल बिगड़ी जागरूकता वाले दौरे—चेतना प्रभावित होती है, भ्रम, या स्वचालित क्रियाएं (जैसे चबाना, घूमना) हो सकती हैं ।



बी. द्वितीयक सामान्यीकृत दौरे—फोकल दौरे से शुरू होकर फिर पूरे मस्तिष्क में फैल जाते हैं, जिससे वे सामान्यीकृत दौरे जैसे लगते हैं ।

1. सामान्यीकृत दौरे—ये मस्तिष्क के दोनों गोलार्धों (दोनों तरफ) को प्रभावित करते हैं ।
2. टॉनिक-क्लोनिक —शरीर अकड़ जाता है (टॉनिक), फिर तेज झटके लगते हैं (क्लोनिक), बेहोशी और कभी-कभी जीभ काटने या मूत्र असंयम के साथ ।
3. अनुपस्थिति वाले दौरे —कुछ सेकंड के लिए खाली घूरना, पलकें झपकाना, कोई प्रतिक्रिया न देना; व्यक्ति को याद नहीं रहता ।
4. मायोक्लोनिक —अचानक, तेज, छोटे झटके (जैसे बिजली का झटका) के साथ दौरे आना ।
5. एटोनिक —मांसपेशियों में टोन खत्म हो जाती है, जिससे व्यक्ति अचानक गिर जाता है ।
6. टॉनिक —सिर्फ मांसपेशियों का अकडऩा, बेहोशी के साथ, लेकिन झटके नहीं ।
7. अज्ञात शुरुआत दौरे—जब यह पता नहीं चलता कि दौरा फोकल था या सामान्यीकृत, तो इसे अज्ञात शुरुआत वाला दौरा कहा जाता है। दौरे हल्के, गंभीर या अदृश्य भी हो सकते हैं ।

**यूनानी चिकित्सा**

किसी भी प्रकार के दौरे आने पर हर्बल यूनानी चिकित्सा पूरी तरह कारगर साबित हो रही हैं, कई दौरे के मरीजों पर यूनानी चिकित्सा का प्रयोग किया गया जिसमें परिणाम पॉजिटिव मिले हैं , जो मरीज़ बरसों से अन्य पैथियों से इलाज करा रहे थे लेकिन रोग से मुक्ति नहीं मिल रही थी ऐसे मरीज़ों को यूनानी चिकित्सा से कम समय में ही मिर्गी या झटके रोग से मुक्ति मिली है इसके लिए यूनानी चिकित्सक से परामर्श लेकर ही उपचार लेना चाहिए, यहाँ निम्न यूनानी उपचार दिया जा रहा हैं— हब्बे दीदान, हब्बे सरा , ख़मीरा गवाज़बान जदवार उद सलीब वाला, शरबत उस्तौख़ुद्दुस और माजून नुजाह आदि का प्रयोग किया जाता हैं ।

**डॉ लियाक़त अली मंसूरी**
**(यूनानी चिकित्सक एवं हिज़ामा थैरेपी विशेषज्ञ)**
**सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर (राज.)**

## विधिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य रेखा सैनी पत्नि श्री बसंत कुमार भगोरिया निवासी ग्राम करीरी,तह. शाहपुरा जिला जयपुर के स्वामित्व की अचल संपत्ति जो खसरा नं.2472 ग्राम दिवराला,तह. श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 55.18 वर्गगज है जो दिनांक 30.01.2011,14.09.2012 के क्रम संख्या 2010005723,2012005294 को अशोक,जयप्रकाश,सुभाष पुत्र श्री रामावतार वगैरह से लक्ष्मी देवी पत्नि श्री बृजसुंदर सैनी ने जरिये विक्रय पत्र खरीद की हुई थी तत्पश्चात लक्ष्मी देवी पत्नि श्री बृजसुंदर सैनी ने मेरी अभिभाष्या के पक्ष में दो रजिस्टर्ड बख्शीशनामा दिनांक 20.11.2025 के क्रम संख्या 202503500102535, 202503500102534 किया हुआ है तथा मेरी अभिभाष्या ही उपरोक्त संपत्ति की मालिक व स्वामिनी है तथा मूल विक्रय पत्र दिनांक 13.01.2011,14.09.2012 के क्रम संख्या 2010005723,2012005294 का ग्राम दिवराला,तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर से दिनांक 02.03.2025 को कहीं से गुम हो चुके हैं उक्त संपत्ति पर मेरी अभिभाष्या ने आवास फाइनेन्सियर्स लि. शाखा अजीतगढ़ जिला सीकर से ऋण प्राप्त कर रही है, सर्वसाधारण को उक्त संपत्ति के मालिकाना हक एवं कब्जे के संबंध में आपत्ति हो तो सा दिवस में लिखित में सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य अप्रभावी व अमान्य समझी जाएगी।

**दिनांक- 04.02.2026**

**कैलाश चंद्र अग्रवाल (पटवारी)**
**एडवोकेट**
**राजस्थान हाईकोर्ट,जयपुर**
**मो.9928371734,09314141813**

## सम्पादकीय

# संसद में अनछपी किताब

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी। परंपरा रही है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में सरकार की जिन नीतियों, कार्यक्रमों और प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है, सांसद उन पर चर्चा करते हैं। आलोचना भी करते हैं। विपक्ष का एजेंडा कुछ अलग भी हो सकता है। याद करें, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी नेता प्रतिपक्ष थे। तब अटल जी ने राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में ही, बहस के दौरान, चीन का मुद्दा आक्रामक अंदाज में उठाया था और सरकार की भर्त्सना तक की थी। जब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस और यूपीए सरकार थी, तब लालकृष्ण आडवाणी नेता प्रतिपक्ष थे। उन्होंने भी चीन के साथ सीमा-विवाद, सुरक्षा-विवाद और सैन्य तनावों का जिक्र करते हुए मनमोहन सरकार की तीखी आलोचना की थी। भारत-चीन संबंधों, टकरावों और विवादों पर संसद में बोलना 'वर्जित' नहीं है। यह सांसदों की संवैधानिक आजादी है कि वे कौनसा मुद्दा उठाते हैं। हालांकि संसद के दोनों सदन-लोकसभा और राज्यसभा-निश्चित नियमों में बंधे हैं। लोकसभा के नियम 349 (1) के तहत सांसद किसी भी किताब, पत्रिका, अखबार को उद्धृत नहीं कर सकते, जब तक वे उद्धरणों को सत्यापित नहीं करते। नियम 353 के तहत, यदि सांसद को इसी आधार पर अपनी बात कहनी है, तो वह स्पीकर और संबद्ध मंत्री को पहले नोटिस देगा। स्पीकर ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उद्धरणों के संदर्भ में इन नियमों का बार-बार हवाला दिया। स्पीकर ने नियमानुसार अपनी व्यवस्था भी दे दी, लेकिन नेता प्रतिपक्ष जिद पर अड़े रहे। सवाल करते रहे कि आखिर सरकार डरी हुई क्यों है? सरकार उनके वक्तव्य से असहज क्यों है? दरअसल नेता प्रतिपक्ष पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे द्वारा लिखित, लेकिन अभी तक अप्रकाशित किताब के कुछ अंश संसद में पढकर प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह को बेनकाब करना चाहते थे। राहुल गांधी जो वाक्य बोल पाए, उनमें डोकलाम टकराव का जिक्र सुनाई दिया, जबकि चीनी सेना के साथ तनाव, टकराव और युद्ध जैसे हालात पूर्वी लद्दाख में पैदा हुए थे। जून, 2020 को जो 'गलवान संघर्ष' हुआ और हमारे 20 जांबाज सैनिक 'शहीद' हुए, वह भी लद्दाख में हुआ था। जनरल नरवणे तब सेना प्रमुख थे और वह अप्रैल, 2022 तक इस पद पर रहे। गौरतलब है कि जनरल नरवणे की कथित आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन उसका हार्डकवर अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। किताब के प्रकाशन की अनुमति देना सरकार का विशेषाधिकार है, क्योंकि पूर्व सेना प्रमुख की किताब राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारी युद्ध रणनीति से भी जुड़ी है। हमारा दुश्मन देश उन जानकारियों का नाजायज फायदा उठा सकता है। लिहाजा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की संसद में आपत्ति और हस्तक्षेप तार्किक था। उन्होंने स्पीकर से आग्रह किया कि नेता प्रतिपक्ष को इस विषय पर न बोलने दिया जाए, क्योंकि वह देश को गुमराह कर रहे हैं। राहुल गांधी के हाथ में दिल्ली प्रेस की पत्रिका 'कारवां' की फोटोप्रति थी, जिसमें कुछ अंश छपे हैं। इससे पहले करीब दो साल पहले कुछ अंश 'द प्रिंट' पत्रिका में छप चुके हैं। समाचार एजेंसी 'पीटीआई' ने कुछ अंश दिसंबर, 2023 में प्रकाशित किए थे। जाहिर है कि जनरल नरवणे की किताब के कई अंश तो सार्वजनिक हो चुके हैं। सदन में रक्षा मंत्री, गृहमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री की जबरदस्त आपत्तियां इसलिए थीं, ताकि राहुल गांधी के जरिए कुछ विवादास्पद जानकारियां लोकसभा के रिकॉर्ड में दर्ज न हो सकें और इस तरह विकृत इतिहास न बन सके।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 05 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 664 - प्रसिद्ध चीनी बौद्ध भिक्षु ह्वेन त्सांग का निधन हुआ।
- 1679 - जर्मन शासक लियोपोल्ड प्रथम ने फ्रांस के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1783 - इटली के कालाब्रिया में भीषण भूकंप में 30000 लोग मारे गये।
- 1870 - फिलाडेल्फिया के थियेटर में पहली बार चलचित्र दिखाया गया।
- 1900 - अमेरिका और ब्रिटेन के मध्य पनामा नहर समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1904 - क्यूबा अमेरिका के कब्जे से मुक्त हुआ।
- 1917 - मैक्सिको ने नया संविधान अंगीकृत किया।
- 1922 - उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास चौरी चौरा कस्बे में उग्र भीड़ ने थाने में आग लगा दी जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी।
- 1924 - रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसारण रायल ग्रीनविच से हुआ।
- 1931 - मैक्सिने डनलप पहली ग्लाइडर पायलट बनी।
- 1961 - ब्रिटिश समाचार पत्र संडे टेलीग्राफ के पहले संस्करण का प्रकाशन हुआ।
- 1970 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1994 - सरायेवो के बाजार में नरसंहार हुआ। सरायेवो के मुख्य बाजार में एक मोर्टार बम के फटने से 68 लोगों की मौत हो गई थी और 200 लोग घायल हुए थे।
- 2004 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने परमाणु प्रौद्योगिकी के ग़लत इस्तेमाल के मामले में परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर ख़ान को माफी दी।
- 2006 - ईरान ने यूरेनियम संवर्धन शुरू किया।
- 2007 - भारतीय मूल की सुनीता अंतरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला बनीं।

## विशेष आलेख

# रिश्वत की आहट हुई तो बाबू 'फाइलों में विलीन' एसीबी रह गई दस्तावेजों से सवाल करती

### नवगठित ब्यावर में विकास से पहले 'सुविधा शुल्क' का उद्घाटन, चौथी एसीबी कार्रवाई ने खोली भ्रष्ट तंत्र की पोल

विशेष आलेख



अनिल सिखवाल, ब्यावर




अजमेर रोड स्थित अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के ब्यावर मुख्य कार्यालय में मंगलवार शाम ऐसा दृश्य देखने को मिला, जो किसी सस्पेंस फिल्म से कम नहीं था। जयपुर से आई एसीबी की स्पेशल टीम रिश्वतखोरी के आरोप में एक बाबू को रंगे हाथों पकडने की तैयारी में थी, लेकिन जैसे ही दबिश की भनक लगीबाबू ऐसे ग़ायब हुआ मानो सरकारी फाइलों में ही समा गया हो अब हालत यह है कि एसीबी बाबू से ज़्यादा उसकी फाइलों से पूछताछ कर रही है और दस्तावेज़ ही 'गवाह' बने बैठे हैं अब आलम यह है कि एसीबी के अधिकारी दफ्तर में खड़े होकर निर्जीव कागजों से पूछ रहे हैं 'बताओ, तुम्हारा मालिक कहाँ गया?' और फाइलें भी सरकारी चुप्पी ओढ़े 'गवाह' बनी मुस्कुरा रही हैं सोचने वाली बात यह नहीं कि बाबू फरार कैसे हुआ, असली सवाल यह है कि नवगठित जिले में एसीबी चौथी बार दस्तक दे चुकी है, फिर भी रिश्वतखोरों के माथे पर शिकन तक क्यों नहीं?

**भय से मुक्त भ्रष्टाचार**

सोचने की बात यह नहीं है कि रिश्वत मांगी गई; आश्चर्य तो इस बात पर है कि नवगठित जिले में यह चौथी बड़ी एसीबी कार्रवाई है। महज कुछ महीनों के भीतर पुलिस, परिवहन, राजस्व और अब विद्युत विभाग में पड़े छापों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भ्रष्ट अधिकारियों के मन में कानून का खौफ समाप्त हो चुका है। आमतौर पर नए जिलों में संसाधन और भवनों का अभाव होता है, लेकिन ब्यावर में भ्रष्टाचार के 'सॉफ्टवेयर' ने जिला बनने के पहले दिन से ही अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करना शुरू कर दिया है।

**नवगठित जिला, पुराना खेल -**

ब्यावर को जिला बने अभी ज्यादा दिन नहीं हुए थे आमजन को उम्मीद थी कि अब विकास रफ्तार पकड़ेगा, प्रशासन पास आएगा और काम बिना सिफारिश, बिना 'गांधी जी' के हो जाएगा लेकिन विकास की खुशबू आने से पहले ही एसीबी के छापों की तीखी गंध फैलने लगी लोग सोच रहे थे कि अब फाइलें दौड़ेंगी,हकीकत यह निकली कि फाइलें अब भी नोटों के पहियों पर ही रेंग रही हैं चार बार एसीबी, चार बार वही कहानी नवगठित ब्यावर जिले में कभी पुलिस विभाग,कभी परिवहन विभाग, कभी पटवार तहसील तंत्र और अब विद्युत विभाग हर बार कहानी वही—रिश्वत, सौदेबाज़ी और दबे हुए हाथ सवाल यह नहीं कि एसीबी सक्रिय क्यों है,सवाल यह है कि एसीबी को बार-बार सक्रिय होना क्यों पड़ रहा है?

क्या जिले की नींव ही उन फाइलों पर रखी गई है, जिनके बीच से नोटों की गड्डियाँ झांकती हैं?

**'सुविधा शुल्क' का नया जिला मुख्यालय -**

आमतौर पर नए जिलों में भवन, सिस्टम और व्यवस्थाएं बनने में समय लगता है लेकिन ब्यावर के भ्रष्ट तंत्र ने तो पहले ही दिन से—वर्क फ्रॉम होम,कैश ऑन डिलीवरी,और रेट कार्ड सिस्टम शुरू कर दिया आम आदमी को लगा था कि अब अजमेर-जयपुर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे,उसे क्या पता था कि अब रिश्वत देने की विश्वस्तरीय सुविधा घर के पास ही उपलब्ध होगी काम छोटा हो या बड़ा पहले भाव-ताव, फिर फाइल आगे।

**करप्शन कॉरिडोर बनने की आहट**

कभी वर्दी कानून की रक्षा के बदले 'दक्षिणा' मांगती है,कभी पटवारी ज़मीन को आसमान पर चढ़ाने का रेट तय करता है,तो कभी परिवहन विभाग सडक़ सुरक्षा से ज़्यादा जेब सुरक्षा में जुटा दिखता है ऐसा लगता है कि जिला बनने के साथ ही भ्रष्टाचार को भी नया जीवन प्रमाण पत्र मिल गया हो अंतिम सवाल ब्यावर जिला मॉडल जिला बनने के सपने के साथ अस्तित्व में आया था,लेकिन हालात देखकर डर लगता है कि कहीं यह 'करप्शन कॉरिडोर' न बन जाए अगर समय रहते इन दीमकों पर लगाम नहीं लगी,
तो विकास की नींव मजबूत होने से पहले ही खोखली हो जाएगी इतिहास शायद यही लिखेगा-
'नाम बदला, नक्शा बदला
मगर भ्रष्टाचार जस का तस रहा।'

**आखिर जवाबदेही के प्रश्न का उत्तर कौन दे ?**

सवाल यह उठता है कि क्या केवल निचले स्तर के कर्मचारियों को पकडने से यह तंत्र साफ होगा? जब एक बाबू को दबिश की भनक लग जाती है और वह भागने में सफल होता है, तो यह विभाग के भीतर की मुखबिरी और आपसी सांठगांठ की ओर भी इशारा करता है। क्या उच्चाधिकारियों की नाक के नीचे चल रहे इस 'रेट कार्ड सिस्टम' की जिम्मेदारी तय नहीं होनी चाहिए?

# झुकता है अमेरिका, झुकाने वाला छप्पन इंची सीना चाहिए



अरविंद रावल

*अपनी नोबेल पुरस्कार की महत्वाकांक्षा अधूरी रहने से बौखलाए राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ का बोझ डालकर उसे झुकाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भी भारत सरकार और छप्पन इंची सीने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुके।*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के कुछ ही महीनों बाद भारत-अमेरिका संबंधों में खटास आनी शुरू हो गई थी। यह खटास तब और बढ़ गई जब भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करवाने का श्रेय राष्ट्रपति ट्रम्प को नहीं दिया गया। अपनी नोबेल पुरस्कार की महत्वाकांक्षा अधूरी रहने से बौखलाए राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ का बोझ डालकर उसे झुकाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भी भारत सरकार और छप्पन इंची सीने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुके । करीब एक वर्ष तक ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय न मिलने से उपजी ट्रम्प की नाराजगी के कारण भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंध तनावपूर्ण बने रहे। इस दौरान अमेरिका में अध्ययनरत भारतीय विद्यार्थियों और भारतीय नागरिकों पर भी कई तरह की पाबंदियां लगाई गईं, लेकिन भारत सरकार ने इन प्रतिबंधों का देश की अर्थव्यवस्था पर कोई खास असर नहीं पडने दिया । डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे और मोदी-ट्रम्प की मित्रता के किस्से दुनिया भर में चर्चित थे। किंतु दूसरी बार सत्ता में आने के बाद ट्रम्प के सुर बदल गए। जिन नीतियों के सहारे वे दोबारा राष्ट्रपति बने, उन्हें नजरअंदाज कर अपनी हठधर्मिता के कारण उन्होंने न केवल अमेरिका को आर्थिक रूप से कमजोर किया, बल्कि उसकी वैश्विक महाशक्ति की छवि को भी नुकसान पहुँचाया । दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने दुनिया के अनेक देशों पर टैरिफ थोपना शुरू किया, जिसमें भारत भी शामिल था। परिणामस्वरूप पूरे वर्ष भारत-अमेरिका कूटनीतिक, राजनीतिक और व्यापारिक रिश्तों में दूरी बनी रही। हालांकि टैरिफ वार के बावजूद मोदी और ट्रम्प ने सार्वजनिक मंचों से एक-दूसरे के व्यक्तित्व की सराहना जारी रखी और व्यक्तिगत संबंधों पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा । अमेरिकी टैरिफ नीति के चलते भारत के चीन और यूरोपीय देशों से संबंध और अधिक मज़बूत हुए, जिससे भारत को आर्थिक लाभ हुआ और अमेरिका को नुकसान उठाना पड़ा। अमेरिका में दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगीं। बढ़ती महँगाई, टैरिफ पर अदालतों की फटकार और आर्थिक मंदी के संकेतों से ट्रम्प का विरोध उनके अपने देश में ही तेज़ हो गया। वैश्विक मंच पर अमेरिकी दबदबे के कमजोर पडने से छोटे-छोटे देश भी अब खुलकर अमेरिका को चुनौती देने लगे । चारों ओर से घिरते देख राष्ट्रपति ट्रम्प को अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की याद आई। वॉशिंगटन डीसी और नई दिल्ली के बीच हुई बातचीत के कुछ ही मिनटों में रिश्तों की जमी बर्फ पिघलने लगी और भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ घट कर 18 प्रतिशत कर दिया गया। इससे भारतीय व्यापार जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत है। यह छप्पन इंची सीने वाले प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प की जीत है, जिसने अमेरिका को भी झुकने पर मजबूर कर दिया। भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारतीय बाजार की आवश्यकता है।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### प्रभाव




एक व्यक्ति बहुत श्रद्धापूर्वक नित्यप्रति भगवद्गीता पढ़ा करता था। उसके पोते ने अपने दादा के आचरण को देख कर निर्णय किया कि वह भी प्रतिदिन गीता पढ़ेगा। काफी समय तक धैर्यपूर्वक गीता पढने के पश्चात् एक दिन वह एक शिकायत लेकर अपने दादा के पास आया। बोला, मैं प्रतिदिन गीता पढ़ता हूं; किंतु न तो मुझे कुछ समझ में आता है और न ही उसमें से मुझे कुछ स्मरण रहता है। तो फिर गीता पढने का क्या लाभ ? दादा के हाथ में वह टोकरी थी, जिसमें कोयले उठाए जाते थे। उन्होंने वह टोकरी अपने पोते को पकड़ा दी और कहा, जाओ, इस टोकरी में नदी से जल ले आओ। पोता जा कर नदी से जल ले आया; किंतु नदी से घर तक आते-आते सारा पानी बह गया। टोकरी खाली की खाली थी। दादा ने कहा, तुम ने आने में देर कर दी। अब जाओ और पानी भर कर जल्दी लौटो। पोता गया और टोकरी में पानी भर कर भागता-भागता घर आया। किंतु कितनी भी जल्दी करने पर घर तक आते-आते टोकरी का सारा पानी बह गया; और टोकरी खाली हो गई।पोते ने कहा, दादा जी। कोई लाभ नहीं है। टोकरी में पानी नहीं भरा जा सकता। दादा हंसे, ठीक कहते हो, टोकरी में पानी संचित नहीं किया जा सकता। किंतु टोकरी का रूप-रंग देखो। उसमें पानी भरने से कोई अंतर आया है ?
पोते ने टोकरी देखी; कोयलों के संपर्क से वह काली हो गई थी। किंतु दो ही बार पानी लाने से उसके भीतर-बाहर से कालिमा धुल गई थी; और वह साफ-सुथरी हो गई थी । गीता तुम्हारी समझ में आए न आए, स्मरण रहे, न रहे; किंतु जो प्रभाव जल का टोकरी पर हुआ है, वही प्रभाव गीता का तुम्हारे मन पर होता है।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# बिना जिम जाए कैसे बनाएं स्टील जैसी बॉडी

1. छत की सीढियां चढ़ें और उतरें- बॉडी बनाने के लिये कार्डियो करना भी जरुरी है। इसके लिये आप तेजी से सीढियों के ऊपर चढ़ें और उतरें। ऐसा आपको 15 राउंड के 3 सेट में करना है। अगर आपके लिये सीढियां चढना मुश्किल है तो आप एक लकड़ी के पटरे या बॉक्स पर भी चढ-उतर कर सकते हैं।

2. टायर से करें वर्कआउट- अगर आप कहीं से ट्रैक्टर या ट्रक के टायर का इंतजाम कर पाएं तो अच्छा है। आप टायर को छत पर रख कर उसे एक जगहं से दूसरी जगंह पर पलट कर ले जा सकते हैं। इसके लिये टायर की एक ओर खड़े हो कर उठा कर उसे पलटना है। आप चाहें तो एक भारी हथैड़े से टायर के ऊपर जोर से प्रहार कर सकते हैं। इससे आपके शरीर से काफी पसीना निकलेगा। यही नहीं इससे बॉडी तो फिट रहेगी ही साथ में मसल्स की स्ट्रेंथ भी बढेगी।

3. वेट उठाइये -बॉडी बनाने के लिये वेट उठाना बहुत जरुरी है नहीं तो आपकी बॉडी नहीं बनेगी। इसलिए आपको कुछ जुगाड़ तो चाहिए ही होगा। जैसे एक पि बैग जिसमें आप बड़े कंक्रीट के पत्थर भर सकें। एक बड़ा हैवी पत्थर या स्लैब जिसे उठा कर पलट सकें या कुछ दूर तक उठा कर ले जा सकें। स्क्वेट करने के लिये आप एक भारी गमला ले कर वन डंबल स्क्वेट कर सकते हैं।

4. पुल अप्स करने के लिय- रॉड रखिये बैक को स्ट्रेंथ करने के लिये पुल अप्स करने जरुरी हैं। इसके लिय आपको एक मजबूत लोहे की रॉड चाहिये जो कि आपको खुद ही अरेंज करनी होगी। इसे क्लोज ग्रिप में पकड़ कर आप बाइसेप्स की एक्सरसाइज कर सकते हैं। फिर ग्रिप को वाइड कर के पुल अप्स कर सकते हैं।

5. क्रंचेज़ कीजिये - एक्स को परफेक्ट बनाने के लिये क्रंचेज़ कीजिये। अपने दोस्त से बोलिये कि वह आपके पैरों को टाइटली पकड़ ले या फिर आप किसी कुर्सी या सोफे पर पैर फंसा कर क्रच कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए व्यापार और धन में वृद्धि का संकेत लेकर आया है। यदि आप अपनी आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

**वृष**

आज का दिन आर्थिक उन्नति और नए अवसरों से भरा रहेगा। आमदनी बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद अनुकूल है। पढ़ाई में मन लगेगा और परिणाम भी अच्छे आएंगे।

**मिथुन**

आज आप अच्छे खान-पान और आराम का भरपूर आनंद लेंगे। सरकारी कामों में थोड़ी देरी हो सकती है, लेकिन धैर्य रखें। यदि आप संपत्ति की खरीद-बिक्री की योजना बना रहे थे, तो आज वह सौदा पक्का हो सकता है।

**कर्क**

आज का दिन आपको सेहत को प्राथमिकता देने का संदेश दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन नकारात्मक सोच से दूर रहें। नौकरी बदलने के योग बन रहे हैं।

**सिंह**

आज का दिन नई शुरुआत और सफलता का है। धन-धान्य में वृद्धि होगी और कानूनी मामलों में जीत मिलने से मन खुश रहेगा। यदि आप प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़े हैं।

**कन्या**

व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन थोड़ा संघर्षपूर्ण रह सकता है। किसी सहयोगी की बात आपको चुभ सकती है, लेकिन संयम रखें। पिता जी यदि कोई जिम्मेदारी सौंपें, तो उसमें पूरी निष्ठा दिखाएं।

**तुला**

आज का दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। किसी काम में निराशा हाथ लगने से मन उदास रहेगा। बिना सोचे-समझ निवेश करने से नुकसान हो सकता है। कार्यस्थल पर बदलाव की आवश्यकता पड़ेगी। संतान की सेहत पर विशेष ध्यान दें।

**वृश्चिक**

आज का दिन खुशियां लेकर आएगा। मन प्रसन्न रहेगा और कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। पुरानी किसी गलती से सीख लेना आज आपके लिए बहुत जरूरी है। सेहत के प्रति सजग रहें।

**धनु**

आज मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रह सकता है। संतान पक्ष से निराशाजनक समाचार मिल सकता है। कामों में जल्दबाजी करने से गड़बड़ी हो सकती है, इसलिए धैर्य रखें।

**मकर**

आज का दिन सुख-सुविधाओं में वृद्धि करने वाला है। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों के लिए समय अनुकूल है। काम के सिलसिले में यात्रा भी संभव है। कानूनी मामलों से थोड़ी चिंता हो सकती है।

**कुंभ**

आज आप थोड़े मानसिक दबाव में रह सकते हैं और आत्मविश्वास भी कमजोर महसूस होगा। यदि किसी काम को लेकर मन में संशय है, तो उसमें आगे बढ़ने से रुकना ही बेहतर रहेगा।

**मीन**

आज का दिन भागदौड़ और व्यस्तता से भरा रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से बचें। परिवार में यदि मतभेद हो, तो आप शांतिपूर्वक माहौल संभालने की कोशिश करें। व्यवसाय में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी।

# जमीनी स्तर पर जाकर भाजपा कार्यकर्ता बताएंगे वी बी ग्राम-जी के फायदे: मानसिंह गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर का विकसित भारत गारंटी फॉर आजीविका मिशन विषय को लेकर जिला संवाद सम्मेलन बुधवार को जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में शक्ति पैलेस मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। जिला प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी संजय नरूका एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग लाल जाट, प्रेमप्रकाश शर्मा ,सुरेश जैन ,जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल,विनोद अटल,बाबूलाल मीणा उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मानसिंह गुर्जर ने कहा कि वी बी ग्राम-जी मोदी की गारंटी वाली योजना है इस योजना के माध्यम से सरकार का ध्येय है कि ग्रामीण क्षेत्र में आमजन को आजीविका के अवसर प्रदान करना है, उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ड्ढक्च-त्रक्र्ररू-त्र विषय पर कांग्रेसी झूठा भ्रम फैला रहे हैं उनकी सरकार में उन्होंने इस योजना के कही बार नाम परिवर्तित किए लेकिन कभी आमजन को और अधिक फायदा पहुंचाने की मनसा नहीं रखी, प्रधानमंत्री मोदी ने न की इस योजना का नाम बदला नाम के साथ साथ उन्होंने मनरेगा कार्य में 25 दिन की और बढ़ोतरी की जो कि कांग्रेस सरकार में मात्र 100 दिन थी, अब 125 दिन है7 मानसिंह गुर्जर ने कहां कि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठे भ्रम को हमारे भाजपा के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जाकर आमजन से संवाद करके भ्रांति को मिटाएंगे। सम्मेलन को जिला संगठन प्रभारी संजय नरूका ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि वी बी ग्राम-जी मोदी की विकसित भारत के सपनों को साकार करने वाली योजना है,इस योजना के माध्यम से मनरेगा में कार्य करने वाले लोगों की आजीविका में और अधिक बढ़ोतरी होगी,साथ ही मनरेगा के कार्यों में और अधिक पारदर्शिता होगी इसके बाद संगठन प्रभारी ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों से चर्चा की 7 जिला संवाद सम्मेलन में मंच संचालन जिला महामंत्री विनोद अटल ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग,लालचंद गौतम, सत्यनारायण धाकड़, विजय सिंह गुर्जर,दीपक सिंहल, उदयसिंह गुर्जर,मीरा सैनी,जिला मंत्री गंगा शंकर गौतम, हरफूल मरमट,जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा,हरिओम पटेल , गीता सेनी, कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष बनवारी जाट,मंडल अध्यक्ष अशोक राज मीणा, रितेष भारद्वाज, मिथलेश व्यास,कपिल जैन,मनीष गुप्ता,मनराज गुर्जर,शंकर सिंह नरूका,पुखराज गुर्जर, कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, सोशियल मीडिया सह प्रभारी मेहनाज पटेल, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा,पूर्व प्रधान सूरज मल बैरवा, पूर्व सभापति कमलेश जैलिया,युवामोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम, कृष्णा गुप्ता मीरा मीणा, सुमन कवर, सावित्री शर्मा, चंचल गौतम,कनक लता शर्मा,मधु भार्गव,चेतना मीणा, केशव शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा,हरचरण सिंह,जितेंद्र सैनी ,रामपाल बालोत मनीष जैन, राजेश मीणा, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां: श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** श्री घुश्मेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग शिवालय, शिवाड़ में 14 से 19 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव (मेला-2026) की व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। मुख्य मेला 15 फरवरी को आयोजित होगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।



### बिजली, पेयजल और स्वच्छता पर विशेष फोकस

विद्युत विभाग को 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था के निर्देश अधिशाषी अभियंता अशोक कुमार बुजेटिया को दिए। वहीं पेयजल व्यवस्था हेतु जलदाय विभाग एक टैंकर तथा मंदिर ट्रस्ट द्वारा तीन एवं ग्राम पंचायत द्वारा एक अतिरिक्त टैंकर लगाए जाएंगे। 30 अतिरिक्त सफाईकर्मी लगाने, अस्थायी शौचालय तथा नियमित सफाई, गंदगी फैलाने वालों पर 100 से 500 रुपये तक जुर्माना लगाने हेतु वालंटियर्स की तैनाती करने के निर्देश विकास अधिकारी इन्द्रराज मीना को दिए !मेला परिसर में 25 सीसीटीवी कैमरे लगाने, झूलों के फिटनेस प्रमाण-पत्र की जांच तथा गोताखोरों की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। पुलिस विभाग को अतिरिक्त जाप्ता, महिला कांस्टेबल व ट्रैफिक पुलिस बढ़ाने तथा सारसोप व महापुरा चौराहे से वाहनों के प्रवेश नियंत्रण के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार रोडवेज की अतिरिक्त बसें जयपुर, टोंक एवं सवाई माधोपुर से शिवाड़ के लिए लगाने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा ने बताया कि 15 फरवरी को शोभायात्रा, रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या, 16 फरवरी को शिवरात्रि पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रात्रि जागरण, 17 फरवरी को विशाल कवि सम्मेलन महाशिवरात्रि महोत्सव के मुख्य आकर्षण रहेंगे।

# रणथम्भौर बाघ रक्षक' कार्यक्रम से बढ़ी प्रकृति संरक्षण की जागरूकता



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई पीढ़ी और ग्रामीण समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से 'रणथम्भौर बाघ रक्षक' नवाचार कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्र निदेशक तथा उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (प्रथम) के निर्देशन में संचालित इस पहल के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

### प्रतिभागियों को कराया गया निःशुल्क पार्क भ्रमण

अभियान के अंतर्गत अब तक 120 विद्यालयों के 8423 विद्यार्थियों को शिक्षकों सहित तथा 750 ग्रामीण महिला-पुरुषों को रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान का निःशुल्क भ्रमण कराया गया है। प्रतिभागियों को बाघ सहित अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास, पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरणीय महत्व की जानकारी मौके पर दी जा रही है, जिससे वे पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढक़र वास्तविक अनुभव प्राप्त कर सकें।

### सह-अस्तित्व की भावना विकसित करने का प्रयास

उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक मानस सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और समुदाय को यह समझाना है कि बाघ और जंगल मानव जीवन के लिए क्यों आवश्यक हैं। इस पहल के माध्यम से मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व की भावना विकसित कर दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय शैक्षणिक संस्थान भी इस पहल की सराहना कर रहे हैं। यह कार्यक्रम प्रकृति शिक्षा और जनभागीदारी के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण के प्रति संवेदनशील समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# विश्व कैंसर दिवस पर हुए निःशुल्क जाँच शिविर

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से विश्व कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर जिले के राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर निःशुल्क जाँच शिविर आयोजित हुए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को जिला अस्पताल सहित समस्त चिकित्सा केन्द्रों पर कैंसर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में मरीजों की स्क्रिनिंग, परामर्श और उपचार किया गया। इसके साथ-साथ कैंसर के कारण, इलाज और बचाव की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिले के चिकित्सा संस्थानों में कैंसर की जांच के लिए मरीजों की स्क्रीनिंग की गई तथा संभावित मरीजों का रिकॉर्ड संधारण किया गया। शिविरो मे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था की जांच की गयी और संभावित मरीजों का रिकॉर्ड संधारित करते हुए उच्च चिकित्सा संस्थान में रैफर करते हुए जांच और उपचार करवाया जाएगा।

विश्व कैंसर दिवस आयोजित करने का उद्देश्य आमजन को कैंसर के बारे में सही जानकारी देना, समय पर जांच के लिए प्रेरित करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु जागरूक करना है। कैंसर एक गंभीर लेकिन कई मामलों में रोकथाम योग्य और उपचार योग्य रोग है यदि जानकारी व समय पर उपचार मिले।

# जौंला में आयोजित हुई रात्रि चौपाल, जन समस्याओं का हुआ निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( पुरूषोतम जोशी)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत जौंला में रात्रि चौपाल आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने परिवादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर के समक्ष ग्रामीणों ने गांव में बंदरों द्वारा लोगों को काटने एवं सुअरों से फसलों को नुकसान होने से बचाने के लिए इन्हें पकडक़र दूर छुड़वाने का प्रार्थना पत्र दिया। जिला कलेक्टर ने सहायक विकास अधिकारी को समस्या का निदान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने पेंशन सत्यापन की पेंडेंसी ज्यादा होने पर गंभीरता से लिया और इस कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। स्कूल के स्टॉफ ने विद्यालय में 5 कक्षा कक्षों के निर्माण कराने का प्रार्थना पत्र दिया।



जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों को पीएम सूर्य घर योजना का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को योजना का बेहतर ढंग से प्रचार-प्रसार करने एवं लोगों को इस योजना का लाभ बताने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित किया कि पटवारी गिरदावरी का कार्य काश्तकार के मोबाईल से ही करें। ताकि वह इस कार्य को भलीभांति सीख सकें।

जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी को निर्देशित किया कि चौपाल में उनके आने से पूर्व ही ग्रामीणों को विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया जायें। साथ ही ग्राम पंचायत की विद्युत, पेयजल संबंधी समस्याओं का पूर्व में ही निदान कर दिया जायें।

रात्रि चौपाल में उपखण्ड अधिकारी पीपलू गणराज बडग़ोती, तहसीलदार कैलाश चन्द मीना समेत विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

जवाहर नवोदय विद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपराओं पर व्याख्यान

# 'भारतीय ज्ञान परंपराओं में छिपा है ज्ञान-विज्ञान का अनमोल खज़ाना'

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( पुरूषोतम जोशी)।** जवाहर नवोदय विद्यालय, छान में भारतीय ज्ञान परंपराएं विषय पर एक विचारोत्तेजक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की प्राचीन, समृद्ध एवं वैज्ञानिक ज्ञान परंपराओं से परिचित कराना तथा उनमें सांस्कृतिक चेतना एवं बौद्धिक दृष्टि का विकास करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### राजाराम भादू रहे मुख्य अतिथि एवं वक्ता

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक राजाराम भादू रहे। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपराओं की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की संस्कृति केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपराओं में ज्ञान-विज्ञान का अमूल्य खज़ाना निहित है, जिसे समझना और आत्मसात करना आज की युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

लोकाचार से जुड़ा रहा भारतीय ज्ञान श्री भादू ने अपने व्याख्यान में बताया कि प्राचीन भारतीय संस्कृति में ज्ञान को केवल ग्रंथों और शास्त्रों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उसे लोकाचार, परंपराओं, कथाओं, पर्वों और दैनिक जीवन से जोड़ा गया। इसी कारण ज्ञान आमजन के मानस में स्थायी रूप से स्थापित हो सका। उन्होंने कहा कि लोकजीवन से जुड़ा ज्ञान ही समाज को दीर्घकाल तक दिशा देता है और पीढियों तक संरक्षित रहता है।

### शुभारंभ एवं स्वागत समारोह

कार्यक्रम के शुभारंभ में कला शिक्षक श्री ताराचंद शर्मा ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया। इसके पश्चात विद्यालय के उपप्राचार्य श्री राजीव कुमार चौहान ने श्री राजाराम भादू को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में उन्होंने अतिथि के साहित्यिक एवं बौद्धिक योगदान की सराहना की।

### समापन एवं आभार प्रदर्शन

कार्यक्रम के समापन अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक श्री विनोद कुमार पारीक (पीजीटी गणित) ने मुख्य अतिथि को दुपट्टा भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक श्री घनश्याम कुशवाह (टीजीटी सामाजिक विज्ञान) ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों के साथ-साथ बौद्धिक दृष्टि का भी विकास करते हैं।

शिक्षक एवं विद्यार्थी रहे उपस्थित इस अवसर पर विद्यालय के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं ज्ञान-विज्ञान के प्रति नई सोच, जिज्ञासा और गर्व की भावना का संचार किया।

## महिला की निर्मम हत्या का मामले ने तूल पकड़ा



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के बौंली थाना क्षेत्र के कोडय़ाई गांव में मंगलवार को जेवर लूटने को लेकर अज्ञात लुटेरों द्वारा की गई एक महिला की निर्मम हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. घटना से आक्रोशित ग्रामीण शव को ट्रैक्टर ट्रॉली में रखकर जस्टाना बाईपास पर धरने पर बैठ गए. बामनवास विधायक इंदिरा मीणा भी रातभर ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठी रहीं. ग्रामीणों का धरना बुधवार को भी जारी रहा. विधायक मीणा भी धरने पर बैठी थी. ग्रामीणों का कहना था कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, वे न तो शव उठाएंगे और न ही धरना समाप्त करेंगे. इस बीच एसपी सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से कई दौर की वार्ता के दौरान कर समझाइश का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। बामनवास विधायक इंदिरा मीणा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में इस तरह की यह तीसरी बड़ी घटना है। कुछ दिन पहले बामनवास के जाहिरा में भी इसी तरह एक महिला की हत्या कर जेवर लूट लिए गए थे. उस घटना के आरोपियों को भी पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई। कोडय़ाई गांव में मंगलवार को 60 वर्षीय महिला कमला देवी बकरी चराने गांव के नजदीक ही जंगल में गई थी. यहां गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर जंगल में लुटेरों ने महिला के दोनों पैर और गर्दन काटकर हत्या कर दी थी और उसके जेवर ले गए।

## वार्षिकोत्सव 7 फरवरी 2026 शनिवार को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** उपखंड मुख्यालय स्थित विश्व भारती माध्यमिक विद्यालय निवाई मे 7 फरवरी शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा जिसमें नन्हें मुन्ने बालकों द्वारा साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी संस्था द्वारा किया जाएगा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमचंद बोहरा पूर्व सरपंच झिलाय करेंगे कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि त्रिलोक चंद जैन कोषाध्यक्ष श्री जैन अग्रवाल समाज, भामाशाह राधेश्याम जांगिड़, सीताराम वर्मा पूर्व जिला मंत्री एस सी मोर्चा भाजपा टोंक, महेंद्र जांगिड़ सम्मेलन अध्यक्ष होंगे यह जानकारी संस्था निदेशक आर. पी. जांगिड़ ने दी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय टोंक में प्रेरणा उत्सव का आयोजन, 313 विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रतियोगिताओं में लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( पुरूषोतम जोशी)।** जवाहर नवोदय विद्यालय, टोंक में विद्यालय-स्तरीय प्रेरणा उत्सव का सफल आयोजन किया गया। इस



आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविकास, नैतिक मूल्यों तथा सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में कक्षा 8 से 11वीं तक के कुल 313 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रेरणा उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन तथा निबंध लेखन प्रमुख रहीं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने सामाजिक सरोकारों, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रप्रेम एवं जीवन में प्रेरणा देने वाले विषयों को अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, विचारशीलता और भाषा कौशल देखकर शिक्षक एवं निर्णायकगण अत्यंत प्रभावित हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य ने सीताराम मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने बताया कि रचनात्मक गतिविधियाँ न केवल विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को उजागर करती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और अपने विचारों को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समन्वयक भवानी सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित प्रेरणादायक विचारों से अवगत कराया। सभी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढक़र भाग लिया और एक से बढक़र एक रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दीं।

## फिटनेस, बिना नम्बर प्लेट एवं बीमा के 53 ई-रिक्शा सीज-डीटीओ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( पुरूषोतम जोशी)।** बिना नम्बर प्लेट के संचालित अवैध वाहनों के विरुद्ध 2 फरवरी से विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी सम्पत राम वर्मा के नेतृत्व में अभियान के दौरान जिले में बिना नम्बर प्लेट एवं बीमा व फिटनेस के अवैध परिवहन करने वाले ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग के उडऩदस्तों द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 53 वाहनों के चालान बनाकर सीज किये गये तथा 1.64 लाख रुपये की प्रशमन राशि प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी यह विशेष अभियान जारी रहेगा।

## अनुजा आयोग के अध्यक्ष टोंक दौरे पर रहे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( पुरूषोतम जोशी)।** राजस्थान अनुसूचित जाति वित्त



एंव विकास आयोग के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार नायक, बुधवार को टोंक दौरे पर रहे। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एंव परियोजना प्रबन्धक राज. अनु. जाति जनजाति वित्त एंव विकास सहाकरी निगम लिमिटेड करतार सिंह मीना के साथ समीक्षा बैठक ली। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष श्री नायक अनुजा निगम द्वारा जिले में किये जा रहें कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शिक्षा मंत्री को फिर एक बार आड़े हाथों लिया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** विपक्ष के नेता जूली ने प्रहार करते हुए कहा कि 'स्कूल जर्जर और सरकार को ग्वालों की फिक्र' जूली ने कहा कि प्रदेश में 3 हजार 768 स्कूल जर्जर इमारतों में चल रहे हैं, लेकिन उनके सुधार के लिए एक रुपया भी बजट नहीं दिया गया। जूली ने तंज कसते हुए कहा, 'अच्छी एजुकेशन देंगे नहीं, तो बच्चे ग्वाला ही बनेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाय गोबर बेचने और गाय चराने में लगाना चाहती है।' उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में कई स्कूल मुर्गी फार्म में चलने को मजबूर हैं और शिक्षक भर्ती की घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। जूली का तीखा वार मजाक मत करो, ये सरेंडर है नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीधे तौर पर इसे देश के हितों को गिरवी रखने वाला कदम बताया। जूली ने तंज कसते हुए कहा, 'विदेश नीति तो जीरो कर रखी है, बस ये बताओ कि अमेरिका बैकफुट पर आया किस बात से?' उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप के सामने पीएम मोदी ने सरेंडर कर दिया है। जूली ने आशंका जताई कि अमेरिका के डेयरी प्रोडक्ट्स भारत आने से यहां के किसान एक बार फिर आत्महत्या की कगार पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने खाद, बीज और यूरिया की किल्लत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जो सरकार बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं कर पा रही, वो अब विदेशों से किसानों की बर्बादी का सौदा कर आई है। देश के हितों को इस सरकार ने गिरवी रख दिया नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से सीधे सवाल करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के सामने देश के हितों को गिरवी रख दिया है। जूली ने आरोप लगाया कि अमेरिका के दबाव में आकर प्रधानमंत्री ने सरेंडर कर दिया और यही वजह है कि यह डील देश के हितों पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर इस डील में भारत को क्या मिला और क्या खोया?

## राष्ट्रीय सवर्ण दल राजस्थान इकाई द्वारा यूजीसी सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राष्ट्रीय सवर्ण दल राजस्थान प्रदेश इकाई द्वारा यूजीसी सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को तहसीलदार कल्याण सहाय मीणा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति सदस्यों ने बताया कि पदाधिकारियों ने यूजीसी कानून को वापस लेने, वर्तमान राजनीतिक आरक्षण व्यवस्था में अनूसूचित जाति, जनजाति वर्ग की आरक्षित सीटों पर सामान्य वर्ग को मतदाता होते हुए भी चुनाव लडने की बाध्यता के कारण स्वतंत्र मतदान का अधिकार नहीं इस पर पुन: विचार किया जाएं। आरक्षित सीटों पर सामान्य वर्ग को चुनाव लडने का अधिकार देने, एससी एसटी एक्ट में बिना जांच गिरफ्तारी को असंवैधानिक बताते हुए समीक्षा करने, सामान्य वर्ग आयोग का गठन करने, शिक्षा, स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति को नि: शुल्क देने, शिक्षा तथा स्वास्थ्य का व्यवसायीकरण बंद करने की मांग की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सवर्ण दल के प्रदेशाध्यक्ष बेनी प्रसाद लाटा, राष्ट्रीय समता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष बाबा त्रिलोक तिवारी, राष्ट्रीय सवर्ण दल राजस्थान के प्रदेश संरक्षक देशबंधु जोशी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## एम आई स्कूल में विज्ञान मेले का हुआ आयोजन, विज्ञान मेले में नन्हे वैज्ञानिकों के मॉडल देखकर हुए हैरान लोग

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के भगत का बास में स्थित एम आई पब्लिक स्कूल में रविवार को विज्ञान मेले का आयोजन हुआ।



विज्ञान मेले का शुभारंभ अवधूत आश्रम के अमन भारती जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर व पूजा अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य भारत भुषण शर्मा, लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार डॉ खेमसिंह आर्य, एडवोकेट जितेंद्र सैनी, मीनू मेठी रही। मेले में विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र प्रतिभाग किया। उन्होंने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली कम लागत की सामग्री का उपयोग करते हुए मॉडल तैयार किए। छात्रों ने मॉडलों को प्रदर्शित कर उनके पीछे के वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझाया। बच्चों के द्वारा अनेक प्रकार के मॉडल बनाएं गये जो आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय की निदेशक बबीता शेखावत ने बताया कि विज्ञान मेला करके सीखने की पद्धति को सशक्त करता है और बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रेरित करता है। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

## वाहन चालकों की आंखों की जांच कर दिया परामर्श

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** डॉ.श्रॉफ आई चेरिटेबल हॉस्पिटल व यातायात पुलिस का सयुंक्त प्रयास लगातार जारी है। बुधवार को



टेल्को सर्किल पर मोबाइल वेन के माध्यम से दुपहिया व चौपहिया वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई । इस दौरान ट्रेफिक इंचार्ज ग्रामीण राजेश चोधरी, श्रॉफ हॉस्पिटल के एडमिनिस्टर योगेश यादव व कंपनी बाग विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सौरभ शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान यातायात पुलिस ने कहा कि यह डॉक्टर श्राप आई चैरिटेबल हॉस्पिटल का अच्छा प्रयास है। वाहन चालको की आंखों की जांच कर हम दुर्घटना को रोकने का सराहनीय प्रयास कर सकते हैं इधर समाजसेवी सौरभ शर्मा ने कहा कि लगातार इस तरीके के कैंप लगाकर लोगों को उनकी आंखों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने का एक अच्छा प्रयास यातायात पुलिस और डॉक्टर श्रॉफ आई चैरिटेबल हॉस्पिटल द्वारा किया जा रहा है दोनों साधुवाद के पात्र हैं।

# जिला कलक्टर ने किया बाल अधिकारिता विभाग की संस्थाओं एवं यूआईटी के निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण

## शहर के पार्कों का रख-रखाव सुनिश्चित करते हुए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने एवं प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



अलवर (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज बाल अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित सम्प्रेषण गृह, शिशु गृह एवं यूआईटी के प्रगतिरत विकास कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान संप्रेषण गृह में आवासरत बालकों से बातचीत कर उनको प्रदान की जा रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक को निर्देश दिये कि बच्चों को किसी भी माध्यम के द्वारा शैक्षिक गतिविधियों से जोडा जावे तथा प्रतिदिन के शिड्यूल के अनुसार नियमित रूप से निर्धारित गतिविधियां सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने शिशु गृह का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्थाओं का जायजा लेकर बच्चों के स्वास्थ्य और उनकी परवरिश की जानकारी प्राप्त की तथा बालकों की चिकित्सा पत्रावली का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों की दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को निर्धारित समय अवधि में पूरा कराने की निर्देश दिये। साथ ही 3 वर्ष से अधिक आयु के बालकों को शाला पूर्व शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्र पर भेजने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि बाल कल्याण समिति को निर्धारित समय अवधि में प्रकरणों के निर्धारण करें। उन्होंने नियमित रूप से साफ सफाई स्वच्छता और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। यूआईटी के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण जिला कलक्टर ने सूर्य नगर बी ब्लॉक पार्क का निरीक्षण कर यूआईटी के अधिकारियों निर्देश दिये कि पार्क को अलवर दर्शन पार्क की तर्ज पर विकसित करने की संभावनाओं पर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिये कि पार्क की फाउन्टेन को दुरूस्त कराकर चालू करावे। साथ ही पार्क के सौन्दर्यकरण का विस्तृत प्लान तैयार करें। इसके उपरान्त उन्होंने बुध विहार के सी ब्लॉक में निर्माणाधीन ओपन लाइब्रेरी का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि ओपन लाइब्रेरी का कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्घ रूप में पूर्ण करावे, जिससे यहां अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों एवं आमजन को ओपन लाइब्रेरी का लाभ मिल सके। साथ शहर के अन्य पार्कों में प्रगतिरत कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए उनका रख-रखाव सुनिश्चित करें। इस दौरान बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री रविकांत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह, यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता श्री अशोक मदान, सहायक अभियन्ता श्री धर्मेन्द्र यादव, कनिष्ठ अभियन्ता श्री दौलतराम, संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक श्री संजय वर्मा, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती रेनू गुप्ता, श्रीमती ज्योति आहूजा एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री चंद्रशेखर शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य भवन में 200 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर जांच

# यदि हम स्वयं स्वस्थ रहेंगे तो समाज और राष्ट्र भी निरामय बनेगा : मुनि श्री संबोध कुमार

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** सीएमएचओ कार्यालय (स्वास्थ्य भवन) में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल राजनगर एवं कांकरोली द्वारा विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में विशाल सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुनि सुरेश कुमार के सहवर्ती मुनि संबोध कुमार 'मेधांश' एवं जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा सहित अन्य अधिकारी, लाभार्थी, समाजजन आदि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 200 महिलाओं का पैप स्मियर टेस्ट कर सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक जांच की गई। यह शिविर महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समय पर जांच की महत्ता को रेखांकित करने वाला रहा। शिविर से पूर्व में कैंसर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुनि सुरेश कुमार के सहवर्ती मुनि संबोध कुमार 'मेधांश' ने कहा कि संयम खलू जीवनम के सिद्धांत से ही जीवन शैली की शुरुआत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बेमेल खान-पान, अनियमित दिनचर्या और बढ़ता तनाव कैंसर के मामलों को बढ़ा रहा है। यदि हम स्वयं स्वस्थ रहेंगे तो समाज और राष्ट्र भी निरामय बनेगा। उन्होंने तेरापंथ महिला मंडल के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए राजसमंद को कैंसर मुक्त बनाने की मंगलकामना व्यक्त की। मुनि विशाल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कैंसर खतरनाक अवश्य है, लेकिन यदि संयम और सादगी को अपनाया जाए तो यह जानलेवा नहीं होता। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और आयोजन की सार्थकता सिद्ध होती है। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि जैन दर्शन के पांच सिद्धांतों को यदि जीवन में निष्ठा से अपनाया जाए तो स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि सहज और संतुलित जीवन शैली अपनाकर कैंसर जैसी बीमारियों पर विजय पाई जा सकती है।

## घुमंतू परिवारों के लिए सहायता शिविर का आयोजन, 37 आवेदन प्राप्त हुए



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि पंचायत समिति परिसर, राजगढ़ में बुधवार को राज्य सरकार की मंशानुसार घुमन्तु समुदाय के सभी व्यक्तियों को ऑन-लाईन घुमन्तु पहचान प्रमाण-पत्र जारी किये जाकर राज्य की कल्याणकारी योजनाओं से जोडने हेतु सहायता शिविर लगाया गया। सहायता शिविर में घुमंतू पहचान प्रमाण पत्र के 37 आवेदन प्राप्त हुए । साथ ही इन सहायता शिविरों में 10 नए एवं 43 आधार कार्ड संशोधन, राशन कार्ड में 28 आधार सीडिंग, 25 ई-केवाईसी, 03 एलपीजी आईडी मैपिंग, 56 जाति प्रमाण-पत्र, 38 मूल निवास प्रमाण पत्र, 2 नए परिवार और 38 संशोधन जन आधार कार्ड बनवाने हेतु आवेदन करवाए गए। इस शिविर में ब्लॉक स्तर के अधिकारी अशोक शर्मा, गिर्राज प्रजापत, अल्ताफ, अशोक प्रजापत, रवि कुमार,लक्ष्मीनारायण आदि उपस्थित रहे।

## नाथद्वारा में शारीरिक साक्षरता शिविर का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** राजस्थान सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शारीरिक साक्षरता विषय का कक्षा प्रथम से बारहवीं तक विषय के रूप में कार्य प्रारंभ होना है। इसके लिए शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को शारीरिक साक्षरता की संपूर्ण जानकारी ऑडियो, विजुअल, प्रत्रक द्वारा प्रदान की गयी । सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की जानकारी एस आर जी विनोद व्यास तथा पीरामल फाउंडेशन के एस आर जी सचिन द्वारा पहुंचाई। डब्ल्यू ई प्रभागाध्यक्ष गोपाल चौहान, सहप्रभागाध्यक्ष भारत भूषण वैष्णव द्वारा पी पी टी भी उपलब्ध कराई गयी। जिससे समय-समय पर सारे शारीरिक शिक्षा शिक्षक अपडेट रह सके। आज के समापन सत्र से पूर्व भारत्तोलन खेल की संपूर्ण जानकारी विजय सिंह शारीरिक शिक्षा शिक्षक काछबली द्वारा प्रदान की गयी। कुलदीप सिंह राजावत द्वारा रग्बी खेल के नियम ,फाऊलस्, स्कोर शीट ,यूनिफॉर्म, खेल मैदान के बारे में जानकारी दी। शिविरार्थियों के ज्ञान में वृद्धि हुई । स्केटिंग खेल के विषय में दारा सिंह द्वारा तथा लांगूरी यानी सितोलिया खेल की संपूर्ण जानकारी जमनालाल कुमावत गोवल द्वारा प्रदान की । कार्यक्रम बहुत ही रोचक आकर्षक एवं अनुशासित रहा । शिविर में राजेश गुर्जर, हीरालाल कुमावत, विक्रम सिंह, श्याम सिंह, विद्याधर, सुरेंद्र सिंह चुंडावत, हेमसिंह, प्रदीप परिहार ,आशीष ,मनोहर पालीवाल ने अपनी सक्रीय उपस्थित दी ।

भीम में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत बड़ी कार्यवाही

# 103 किलो मुंगफली तेल सीज, 1 क्विंटल अवधिपार खाद्य सामग्री को मौके पर नष्ट कराया

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ टी. शुभमंगला के आदेशो पर सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा दल द्वारा भीम में बड़ी कार्यवाही कर 103 किलो मुंगफली का तेल को मौके पर सीज किया गया तथा कार्यवाही के दौरान 1 क्विंटल के लगभग अवधिपार मिली खाद्य सामग्री जिसमें सॉस, मसाले, चाय पत्ती शामिल है नष्ट करवायें गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री प्रेमचन्द शर्मा ने बताया कि भीम क्षेत्र में कमलेश किराणा एंड जनरल स्टोर से मूंगफली के तेल का एक नमुना लिया गया तथा लगभग 103 किलोग्राम मूंगफली के तेल को मौके पर सीज किया गया। उक्त फर्म पर अवधि पार 30 किलोग्राम के लगभग सॉस तथा मसालो को भी मौके पर ही नष्ट करवाया गया। टीम ने भीम रोड़वेज बस स्टेंड रोड़ स्थित नाकोड़ा स्वीट्स एण्ड किराणा स्टोर से मुंग दाल तथा मसूर की दाल का एक नमुना लिया तथा लगभग 15 लीटर अवधिपार कोल्ड ड्रिंक को नष्ट करवाया। टीम ने भीम हॉस्पीटल रोड़ स्थित गोपाल दास लीलाराम किराणा स्टोर का निरीक्षण किया जहां खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सरसो तेल का नमुना लिया गया तथा निरीक्षण के दौरान अवधि पार तेल, चाय पत्ती, नमक, मसाले तथा अन्य खाद्य सामग्री लगभग 70 किलोग्राम को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। उन्होंने बताया कि लिए गये खाद्य पदार्थो के नमुनो को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला उदयपुर में भिजवाया जायेगा तथा जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री प्रेमचन्द शर्मा, प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र डांगी तथा सहायक महेन्द्र सिंह शामिल थे। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशो पर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रो में नियमित कार्यवाही की जायेगी।

कृपा आनन्द महोउत्सव शिव कथा अलवर की पावन धरा पर 8 फऱवरी को कलश यात्रा से शुरु होकर 15 फऱवरी 26 तक आयोजित होगी

# पाप से दूर रहना है तो हमेशा धर्म से जुड़े रहे -डॉ शिवम साधक महाराज

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** ब्रह्मलीन परम पूज्य भक्ति सम्राट संत गुरुजी शिवानन्द साधक महाराज (डेरा वाले बाबा - श्रीधाम वृन्दावन) की असीम अनुकम्पा एवं परम पूज्य डॉ शिवम् साधक महाराज के सानिध्य में शिव कृपा आनन्द महोउत्सव शिव कथा का आयोजन अलवर की पावन धरा पर आगामी रविवार 08 फऱवरी 2026 से 15 फऱवरी 2026 तक श्री राम मंदिर , अपना घर शालीमार, अलवर (राजस्थान) में किया जाएगा । इस कार्यक्रम में भगवान् शिव की विशेष कृपा की वर्षा हम सभी पर होने वाली है जिसमे सुन्दर शिव कथा का आयोजन होने जा रहा है । रात्री में रोज रोज नए नए उत्सवो का आनन्द लेंगे ओर महाशिव रात्रि के दिन 108 महा विशेष रुद्राभिषेक किये जायेंगे उसके बाद भगवान् शिव की सुन्दर यात्रा बारात निकलेगी ओर इसमें एक कन्या का विवाह भी कराया जाएगा अतः आप भी इस अवसर का फायदा अवश्य उठाये प्रतिदिन कथा में एवं कन्या के विवाह में पधारकर आनन्द एवं शिव जी महाराज की कृपा का प्रसाद ले एवं अपने मंगलमयी जीवन को कृतार्थ करे एवं भगवान् शिव की विशेष कृपा को प्राप्त करे ।

साधक सेवा समिति अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस.सी.मित्तल ने बताया कि यह भव्य आयोजन परम पूज्य डॉ शिवम् साधक महाराज के सानिध्य में रविवार, 08 फऱवरी 2026 से प्रारम्भ होकर 15 फऱवरी 2026 तक चलेगा 08 फऱवरी 2026 को भक्तिधाम मंदिर, गेट नंबर 3,अपना घर शालीमार ,अलवर से एक भव्य कलश यात्रा प्रातः10 बजे प्रारम्भ की जायेगी ,09 फऱवरी को गणेश जी का 1008 सहस्त्रनाम,10 फऱवरी को खाटूश्याम ज्योति पूजन एवं भजन संध्या,11 फऱवरी को ब्रज सांस्कृतिक कार्यक्रम चरकुला नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी,12 फऱवरी को सुन्दरकाण्ड का पथ किया जाएगा,13 फऱवरी को हल्दी एवं मेहंदी एवं भजन संध्या का आयोजन होगा,14 फऱवरी को हिंडोला उत्सव एवं मुकुल दिवेदी भजन संध्या का आयोजन होगा वही कार्यक्रम के आखरी दिन 15 फऱवरी 2026 को 108 अभिषेक एवं ज्योतिर्लिंग पूजन का आयोजन किया जाएगा ।

9 फऱवरी से 15 फऱवरी तक सभी कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक श्री राम मंदिर , अपना घर शालीमार, अलवर (राजस्थान) में किये जायेंगे ! बुधवार, 11 फऱवरी 2026 की सांय 7 बजे श्री राम मंदिर , अपना घर शालीमार, अलवर (राजस्थान) में ब्रज सांस्कृतिक कार्यक्रम चरकुला नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी ।

## लोकसभा अध्यक्ष का चलता फिरता निःशुल्क अस्पताल सैकड़ो लोगों ने करवाया इलाज



बढ़ता राजस्थान

**इटावा (मुकेश गोस्वामी)।** इटावा खातोली कस्बे के अटल सेवा केंद्र में निशुल्क जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ, कोटा बूंदी सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहल करते हुए चलते-फिरते इलाज की एंबुलेंस को ग्राम पंचायतों के मुख्यालय निशुल्क चिकित्सा सेवाएं लोगों के बीच पहुंचाई। जानकारी में बताया की चलते फिरते अस्पताल में 27 तरह की जांच निशुल्क उपलब्ध करवाई गई वहीं 195 तरह की दवाइयां भी एंबुलेंस के चलते फिरते अस्पताल में निशुल्क इलाज करवाने आए मरीजों को दी गई। वही क्षेत्र के 150 लोगों ने चलते फिरते अस्पताल में डॉक्टरों से परामर्श लेकर जांच एवं दवाई गोलिया निशुल्क दी गई।

## 7 फरवरी को महायज्ञ भंडारे के महाप्रसाद की तैयारीयां, शुरू ढेड़ लाख श्रीरामभक्तों के आने का अनुमान



बढ़ता राजस्थान

**इटावा (मुकेश गोस्वामी)।** श्रीराम महायज्ञ की पूर्णावती पर आयोजित भंडारे के लिए 30 भट्टिया चलाकर बुधवार से दर्जनों हलवाईयों व सैकड़ो रसोईया द्वारा 3500 कीलों देसी घी एवं 4500 कीलो शक्कर से बेसन से निर्मित गुदीं (नुकथी) श्रीराम महायज्ञ के समापन की महाप्रसादी तैयार की जा रही है। 7 फरवरी को कथा समापन के दौरान भक्तगणों श्रदालुओं को कृषि उपज मंडी इटावा की भोज शाला में पुड़ी,सब्जी के साथ महाप्रसादी परौसी जाएगी जिसमें करीब डेढ़ लाख से अधिक लोगों का आने का अनुमान जताया जा रहा है।

## मृत गौवंश के सम्मानजनक निस्तारण और चारागाह भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** क्षेत्र में मृत गौवंश के खुले में फेंके जाने की घटनाओं को लेकर गौ-रक्षक एवं गौ-सेवकों ने प्रशासन से उचित व्यवस्था करने की मांग उठाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि मृत गौवंश को घसीटकर खुले में छोड़ देने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और पर्यावरण व स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। खुले में पड़े शवों को कुत्ते व अन्य जानवर नोचते हैं, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मृत गौवंश का निस्तारण सम्मानपूर्वक मिट्टी में समाधि देकर किया जाए तथा इसके लिए तहसील क्षेत्र के प्रत्येक गांव और शहर में भूमि आवंटित की जाए। इसके साथ ही चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि अवैध कब्जों के कारण पशुओं के चरने की जगह लगातार कम होती जा रही है। प्रशासन से मांग की गई है कि तहसील क्षेत्र की समस्त चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और संबंधित पटवारियों को इसके लिए पाबंद किया जाए।

## ग्राम उत्थान शिविर का तीसरा चरण गुरुवार से शुरू

### 9 फरवरी तक विभिन्न गिरदावरी सर्किलों में आयोजित होंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशों पर राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण उत्थान को गति देने के उद्देश्य से जिले के गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिसका तीसरा चरण 5 से 9 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। शिविरों में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा तारबंदी, डिग्गी, पाइपलाइन, फार्म पॉण्ड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप संयंत्र की स्वीकृतियां, बैलों से खेती करने पर 30 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, फसल बीमा एवं एमएसपी की जानकारी, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, सोलर पंप एवं पॉलीहाउस के आवेदन तैयार करने के साथ ही बीज एवं मिनी किट वितरण का सत्यापन भी किया जाएगा। किसानों में (ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026) ग्राम-2026 में भागीदारी के लिए जागरूक किया जाएगा। कृषि विपणन विभाग द्वारा पीएमएफएमई के आवेदन तैयार करना, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा। सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री किसान निधि का डीबीटी, किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन, एनसीओएल एवं एनसीईएल सदस्यता, नवीन गोदाम निर्माण, डीसीएस द्वारा सहकारी बैंक में खाते, स्वयं सहायता समूहों के ऋण, 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना, सहकारिता, सदस्यता आवेदन अभियान, सहकारी ऋण योजना की जानकारी एवं कस्टम हायरिंग सेंटर से संबंधित कार्य किए जाएंगे। शिविरों में पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना अंतर्गत पंजीकरण, पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा एवं कृमिनाशक औषधि पिलाना, कृत्रिम गर्भाधान, फर्टिलिटी किट का वितरण, पशु आहार एवं खनिज मिश्रण वितरण तथा गौशाला विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। डेयरी (आरसीडीएफ) विभाग द्वारा पीडीसीएस/डीसीएस पंजीयन, नवीन सदस्यता, सरस बूथ एवं मार्ट आवंटन तथा सहकारी ऋण से संबंधित कार्य किए जाएंगे।

## जिला कलक्टर ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र का दौरा

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षित कर बनाएं उद्यमी-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र विभिन्न एजेंसियों एवं बैंकों के सहयोग से अपना उद्यम शुरू करने के इच्छुक युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ ही फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए ऋण दिलाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उद्यम का प्रशिक्षण देने के साथ ही छोटे स्तर पर प्रोडक्ट तैयार करने में भी उनकी मदद की जाए। इसके लिए यूनिट स्थापित करने के बाद उन्हें मार्केटिंग और पैकेजिंग की ट्रैनिंग भी दी जाए। साथ ही, एफएसएसआई से सर्टिफिकेट प्राप्त करने में भी उनकी मदद की जाए।

श्री समारिया बुधवार को कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानों, स्वयंसेवी सहायता समूह की महिलाओं एवं युवाओं को छोटे स्तर पर उद्यम शुरू करने के लिए दिए जाने वाले फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण संबंधित गतिविधियों का अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने सोयाबीन को फूड सप्लीमेंट के रूप में तैयार करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। कृषि विज्ञान केन्द्र में स्किल डवलपमेंट एवं प्रोसेसिंग यूनिट की डॉ. गुंजन सनाढ्य ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र में दूसरे राज्यों से भी प्रतिभागी फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण लेने आते हैं। कई उद्यमियों ने प्रशिक्षण लेने के बाद अपने खुद के प्लांट लगाए हैं और वे अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं। जिला कलक्टर को डॉ. सनाढ्य ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को यहां प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाती है ताकि वे स्वयं का उद्यम शुरू कर सकें। उन्होंने बताया कि केन्द्र से प्रशिक्षण लेने के बाद जयपुर के यश चौहान ने वेगन एग्रो फूड की स्थापना की और जयपुर में कई स्टोर संचालित करते हुए प्रतिमाह ढाई लाख रूपये की शुद्ध आय प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा बारां जिले के अंता निवासी मोहम्मद असलम लहसुन प्रसंस्करण तकनीक का प्रशिक्षण लेकर आर्शु पिल्ड गार्लिक के नाम से सफल उद्यम का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोया पनीर प्लांट करीब 10 लाख रूपये की लागत से तैयार होता है जिससे सोया पनीर तैयार कर अच्छी आय प्राप्त की जा सकती है। सोया पनीर तैयार कर विक्रम सिंह करीब 90 लाख रूपये सालाना आय प्राप्त कर रहे हैं। जिला कलक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र के कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर जाकर वहां लहसुन प्रसंस्करण की प्रक्रिया देखी। कृषि विज्ञान केन्द्र की डॉ. गुंजन सनाढ्य ने बताया कि लहसुन से छिलका हटाकर उसे सुखाया जाता है और पिल्ड गार्लिक फ्लेक्स तैयार कर उन्हें एक्सपोर्ट किया जाता है। कृषि विश्वविद्यालय परिसर में प्रसार शिक्षा निदेशाालय द्वारा राष्ट्रीय कृषि विज्ञान योजनांतर्गत स्थापित मॉडल डेयरी प्रदर्शन इकाई जाकर करीब 22 किलो प्रतिदिन दूध देने वाले गिर नस्ल की गाय देखी। उन्होंने गायों को गुड़ भी खिलाया। श्री समारिया ने मॉडल बकरी प्रदर्शन इकाई जाकर बकरियों की उन्नत नस्लों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट इकाई का भी अवलोकन किया।



## कैंसर के प्रति जागरूकता ही बचाव का सशक्त माध्यम- 'कैंसर क्रुसेडर' कार्यशाला संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** भारतीय जैन संगठना और प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बाहरली बूंदी स्थित सेवा केन्द्र पर 'कैंसर क्रुसेडर' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके बचाव के उपायों पर चर्चा करना था।



### प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं और अतिथियों में डॉ. सुशील जैन ब्लड बैंक प्रभारी,डॉ. प्रतिभा मीणा गायनोकोलॉजिस्ट, ब्रह्माकुमारी गीता दीदी एवं अल्का दीदी, ओमप्रकाश बडज़ातिया एवं त्रिलोक चंद जैन संरक्षक, भारतीय जैन संगठना विशेषज्ञों के विचार-बचाव और जागरूकता कार्यशाला में वक्ताओं ने विस्तार से बताया कि कैंसर कोई साधारण बीमारी नहीं है, लेकिन यदि समय पर इसके लक्षणों को पहचान लिया जाए और जीवनशैली में सुधार किया जाए, तो इससे बचा जा सकता है। मेडिटेशन से शुरुआतः शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक मजबूती के लिए कार्यक्रम की शुरुआत में सभी प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन कराया गया। संगठना के अध्यक्ष प्रदीप हरसौरा ने भारतीय जैन संगठना द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की।

### अतिथियों का भव्य स्वागत एवं आभार

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत महामंत्री नरोत्तम जैन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश महात्मा, कोषाध्यक्ष पारस छाबड़ा, रॉबिन कासलीवाल, प्रद्युम्न पाटनी, तरुण जैन, रमेश जैन, कनक माला पाटनी, गुणमाला छाबड़ा, मधु ठग, कमलेश पाटनी और अनीता बरमूंडा सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ओम प्रकाश ठग द्वारा किया गया और अंत में महामंत्री नरोत्तम जैन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## पुकार शिक्षा सेवा समिति की सराहनीय पहलः 'पुकार की परवाह' अभियान के तहत धागड़मऊ कला विद्यालय में स्वेटर वितरित

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** कड़ाके की सर्दी के बीच बच्चों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से पुकार शिक्षा सेवा समिति द्वारा संचालित 'पुकार की परवाह' अभियान के अंतर्गत आज एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धागड़मऊ कला में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से पाँचवीं तक के 70 से अधिक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार वधवा, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा एवं अविनाश मित्तल ने अपने हाथों से नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्वेटर पहनाए। कड़ाके की ठंड में गर्म स्वेटर पाकर स्कूली बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और उनकी बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समिति का पुकार की परवाह अभियान इसी दिशा में एक सार्थक कदम है।



विद्यालय परिवार ने जताया आभार

विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में पुकार समिति की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें व्याख्याता बजरंग लाल सुथार, ललिता वैष्णव, गोपाल कृष्ण शर्मा, कंचन कंवर, आशा गौतम, मनोज सोनी, सूर्यकान्ता जैन, गुड्डी मीणा, इंद्रेश मीणा, अमरचंद कंजर, दिनेश लबाना, लोकेश राणा और अंतिमबला आमेठा प्रमुख रूप से शामिल थे।

## 11वीं की छात्रा ने सुसाइड का प्रयास किया:समय पर परिजनों की सतर्कता से बची जान, एमबीएस हॉस्पिटल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** कोटा के रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक 11वीं कक्षा में पढने वाली छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के समय छात्रा घर पर थी, तभी उसकी मां ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत हस्तक्षेप किया और परिजनों की मदद से उसे तत्काल एमबीएस अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल छात्रा का अस्पताल में उपचार जारी है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। छात्रा की पहचान योगिता शर्मा, पुत्री मोहनलाल शर्मा, निवासी महात्मा गांधी कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, घटना के दौरान मां की सतर्कता से समय रहते मदद मिल गई, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।आनन-फानन में परिजन छात्रा को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। रेलवे कॉलोनी थाना के हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचकर जानकारी ली। वर्तमान में छात्रा बयान देने की स्थिति में नहीं है, इसलिए आत्महत्या प्रयास के कारणों को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। परिजनों ने भी किसी प्रकार की पूर्व परेशानी या तनाव की जानकारी होने से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि छात्रा की स्थिति में सुधार होने के बाद ही उसका बयान दर्ज किया जाएगा और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रतिभा का सम्मान और सांस्कृतिक उमंग: पीएम श्री विद्यालय में वार्षिक उत्सव की धूम

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** स्थानीय पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओल्ड हाड़ेंद्र कॉलेज में आज वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी रोशनियों और विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच पूरा परिसर तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर जी मीणा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पार्षद एवं एसडीएमसी सदस्य रामराज अजमेरा ने शिरकत की। सम्मानित अतिथियों की सूची में दलीप सिंह गुर्जर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त शर्मा, राजेश चतुर्वेदी, भामाशाह सत्यनारायण चौधरी, युधिष्ठिर मीणा, सुरेश जी जागेटिया और कमलेश कुमार जैन सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। विद्यालय परिवार ने सभी का पारंपरिक और आत्मीय स्वागत किया। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार माथुर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय का नाम रोशन करने वाले होनहारों को निम्न प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।



### राजस्थान में प्रथम स्थान लाने वाले छात्र छात्राओं को एक लाख

जिले में प्रथम स्थान लाने वाले छात्र छात्राओं को 51,000/,प्रदेश की टॉप-टेन सूची में आने वालो को 5,100/- से नवाजा जायेगा ।समारोह के दौरान उपलब्धियों को सराहा गया और पुरस्कार बांटे गए। कार्यक्रम का कुशल संचालन उप-प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में पीएम प्रभारी रमेश गुर्जर, श्याम चंद्र शर्मा, रवि गुप्ता, श्रीमती रेखा मीणा, भंवर महिप सिंह हाडा, प्रदीप गुप्ता, सतीश कुमार, सोहनलाल कुम्हार, श्रीमती रजिया खातून, रामराज जी, श्रीमती नीतू यादव, गौरीशंकर सोनी, श्रीमती सना अली एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## रेल सप्ताह 2025 समारोह में कोटा मंडल के अधिकारी-कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा एवं रेल सेवा पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा 70वें रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार, रेल सेवा पुरस्कार एवं दक्षता शील्ड प्रदान करने का आयोजन उत्सव सामुदायिक भवन, मदनमहल , जबलपुर में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा चयनित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कोटा मंडल की ओर से यह सम्मान मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा द्वारा मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ प्राप्त किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि समारोह में कोटा मंडल के 03 गजटेड अधिकारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया।




इनमें यांत्रिक विभाग के सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता श्री संतोष कुमार, चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ मंडल चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश कुमार तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता श्री सुभाष यादव शामिल हैं।

इसी क्रम में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (अराजपत्रित) श्रेणी में कोटा मंडल के सिविल इंजीनियरिंग, वाणिज्य, यांत्रिक, परिचालन, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा भंडार विभाग के कुल 11 कर्मचारियों को उनके दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन, सुरक्षित रेल संचालन एवं तकनीकी दक्षता के लिए सम्मानित किया गया। रेल सेवा पुरस्कार (मुख्यालय श्रेणी) के अंतर्गत कोटा मंडल से संबद्ध लेखा, यांत्रिक एवं भंडार विभाग के 08 अराजपत्रित कर्मचारियों को भी सम्मान प्रदान किया गया, जिन्होंने कार्यशाला एवं कार्यालय स्तर पर उल्लेखनीय योगदान दिया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 के लिए कोटा मंडल को लेखा, सुरक्षा, चिकित्सा, राजभाषा, पर्यावरण एवं मानव संसाधन प्रबंधन, रेल मदद, पुल एवं समपार कार्य सहित कुल 10 विभिन्न श्रेणियों में दक्षता शील्ड प्रदान की गईं। भरतपुर स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षित स्टेशन तथा कोटा-नई दिल्ली मार्ग की रेक (गाड़ी संख्या 12059) को सर्वश्रेष्ठ रेक अनुरक्षण के लिए चयनित किया गया।

## आज नगर के बृजबिहार कॉलोनी में बिजली रहेगी बंद

बढ़ता राजस्थान

**इटावा (मुकेश गोस्वामी)।** कनिष्ठ अभियंता जयपुर विद्त वितरण निगम लिमिटेड ने जानकारी देते हुए बताया की इटावा नगर पालिका क्षेत्र में विद्त ट्रांसफार्मर के मेंटेनेंस के चलते 05 फरवरी को सुबह 10 बजे से 5 तक इटावा फीडर नंबर 2 का शट डाउन रहेगा जिस कारण इटावा नगर के इटावा खातोली रोड, के ब्रजबिहार कॉलोनी क्षेत्र की विद्त सप्लाई बंद रहेगी।

## आज श्री सुविधा नाथ स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर पर चढ़ाई जाएगी ध्वजा

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। गुरुवार को श्री सुविधी नाथ स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर की षष्टम वर्षगांठ के प्रसंग पर मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी इस कार्यक्रम के बाबत मंदिर में परमात्मा के समक्ष स्नपत्र पूजन एवं सत्तरभेदी पूजन का आयोजन होगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के संपूर्ण लाभार्थी श्रीमान डीसी कोठारी रहेंगे पूजन इत्यादि कार्य रावतभाटा के विधिकारक एवं संगीतकार अर्पित बरडीया द्वारा करवाया जाएगा।

## कैंसर डे पर आरबीएम हॉस्पीटल में जागरूकता शिविर आयोजित

### कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. चरण सिंह चौधरी ने 47 मरीजों को दिया परामर्श



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** बुधवार को आरबीएम हॉस्पीटल के कैंसर विभाग में कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कैंसर रोग विशेषज्ञ डा0 चरण सिंह चौधरी द्वारा शिविर में 47 मरीजों का परामर्श दिया गया। जिसमें 15 पुराने मरीजों को नियमित उपचार पर चल रहे थे। 12 मरीजों को कीमोथैरेपी लगाई गयी। लोगों को कैंसर जागरूकता संबधी जानकारी प्रदान की गई। वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गये। फल वितरण चिकित्सा अधीक्षक डा0 नगेन्द्र भदौरिया, अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डा0 राजेश गुप्ता एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डा0 चरण सिंह चौधरी द्वारा किया गया। शिविर में स्क्रीनिंग में एक महिला ब्रेस्ट कैंसर की जुडी। उन्हें वायोप्सी एवं सीटी स्केन इत्यादि जांचो की सलाह व उन्हें तुंरत उपचार दिया जाएगा।

शिविर में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर राधेश्याम चैधरी, मुकेश जैन, भूपेन्द्र चैधरी, हृद्वयेश कुमारी, श्रीमती नीलम, श्रीमती हेमलता, चन्द्रशेखर, व सहायक स्टॉफ भूपेश अवस्थी, अतर सिंह ने अपनी सेवायें दी। चिकित्सा अधीक्षक ने स्टॉफ के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उत्कृष्ट कार्य करते हुए कैंसर मरीजों की बेहतर सेवायें के लिए प्रोत्साहित किया।

## राज्यपाल के अभिभाषण पर डॉ. गर्ग ने उठाए सवाल, विशेष हब की मांग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मंगलवार को हुई चर्चा के दौरान भरतपुर से विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने सरकार की कार्यप्रणाली, संवैधानिक प्रक्रियाओं और क्षेत्रीय असंतुलन को लेकर तीखा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि अभिभाषण के बिंदु संख्या 192 में ऐसे विधेयकों का उल्लेख किया गया है, जो अभी तक सदन में पेश भी नहीं हुए हैं। इनमें महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय विधेयक, राजस्थान जन विश्वास विधेयक और दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान विधेयक शामिल हैं। डॉ. गर्ग ने इसे विधायिका और राज्यपाल को गुमराह करने का मामला बताते हुए स्पीकर से इस पर व्यवस्था देने की मांग की। प्रशासनिक सुधारों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आम नागरिक आज भी पटवारी, तहसीलदार और नगर निकायों के चक्कर लगाने को मजबूर है। उन्होंने टाइम बाउंड सर्विस डिलीवरी बिल लाने की जरूरत बताते हुए कहा कि ऐसा करने पर मुख्यमंत्री इतिहास में याद किए जाएंगे। विकास पर सवाल उठाते हुए डॉ. गर्ग ने कहा कि भरतपुर संभाग आज भी उपेक्षित है। उन्होंने यहां एजुकेशन, टेक्निकल और डिजिटल हब, उच्च स्तरीय विश्वविद्यालय, मेडिकल व टूरिज्म हब, फूड प्रोसेसिंग यूनिट और डेयरी उत्पादक हब की स्थापना की मांग रखी। साथ ही विकसित राजस्थान 2047 विजन डॉक्युमेंट का हिंदी संस्करण उपलब्ध कराने की भी मांग की।

## सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल के बाल लेखक रुद्रांश मोदी की कृति द विंटर ट्रिप राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट सेलर'

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल के उभरते बाल लेखक रुद्रांश मोदी की कृति द विंटर ट्रीप राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट सेलर के रूप में स्थापित हुई है। संस्था के चेयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया ने रुद्रांश मोदी को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए बताया कि आज सोशल मीडिया के चुनौतीपूर्ण युग में नीरजा मोदी स्कूल उदयपुर के बाल लेखको ने लेखन जैसे कठिन कार्य के प्रति गहरी रुचि दिखाते हुए इस सत्र में सौ से अधिक पुस्तकें प्रकाशित की है। शिक्षा के क्षेत्र में साहित्य सृजन एक उच्च स्तर की विधा है जिसको विद्यालय के बाल लेखको ने अपनी उच्च बुद्धिमत्ता से पुस्तक लेखन के रूप में रूप में प्रदर्शित किया है।

विद्यालय की निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने बताया की विद्यार्थियों के लेखन के स्तर को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रकाशक संस्था व्रीबुक्स ने नेशनल यंग ऑथर्स फेयर की श्रृंखला के तहत स्कूल के माध्यम से विद्यार्थियों की इन कृतियों को प्रकाशित किया है, जिसमें इन विद्यार्थियों को अपनी पुस्तकों की बिक्री पर रॉयल्टी भी प्राप्त होगी। विद्यालय में इस तरह की साहित्यिक गतिविधियों हेतु विद्यार्थियों को कई अवसर प्रदान किए जाते हैं जिससे सभी विद्यार्थी प्रेरित होकर सृजनशीलता के उत्कृष्ट कार्यो की ओर अग्रसर हो रहे है।

# शहर में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन, निकली कलश एवं शोभायात्रा

### वक्ताओं ने दिया सनातन संस्कृति को बचाने को लेकर हिंदुओं की एकता पर जोर

### सम्मेलन में वीर माता, संयुक्त परिवार के मुखिया और गो रक्षक एवं सेवकों का हुआ सम्मान







बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जनशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद और हिंदूवादी संगठनों द्वारा शहर की अलग-अलग बस्तियों में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को शहर के बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व शहर में कलश एवं शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें दुर्गा वाहिनी की महिलाओं द्वारा शक्ति प्रदर्शन किया गया। सम्मेलन के दौरान पीर माता संयुक्त परिवार और पर्यावरण प्रेमी एवं गौ सेवक एवं रक्षकों का मंच से सम्मान किया गया। हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिला प्रचारक रौनक कुमार ने अपने मंच से अपने उद्बोधन में कहा कि आज सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिंदुओं का एकजुट होना जरूरी है। देश विदेश में लगातार हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। विदेशों में हिंदुओं को टारगेट बनाकर देश छोड़ने पर विवश किया जा रहा है।

ऐसे में देश की सरकार को जहां इस पर ध्यान देना चाहिए। वही हिंदुओं को भी जाति-पाति, वर्ग,भेद को भूलकर एक होने पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा की संस्कृति सब की एक चिरंतन, खून रगों में हिंदू है। इस उद्घोष को हमें संकल्प के रूप में लेना होगा। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के रूप में भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रहे विष्णु सिंगल, अग्रवाल समाज की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलेश गर्ग एवं संत रामप्रिय दास महाराज ने भी मंच से अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि सभी हिंदू एक हो, उन्होंने कहा कि आज हमें फिर से संयुक्त परिवार की जरूरत है। वीर माता जिनके चार या चार से अधिक संताने हैं वह बधाई की पात्र है।

आज सनातन संस्कृति सनातन धर्म और सामाजिक एकता को सशक्त करना भी है जरूरी है। जिसके लिए ही ऐसे सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हरिओम सिंघल ने बताया कि आज बच्चों की सनातन शिक्षा जरूरी है। इस दौरान संघ के 100 वर्षों की वीर गाथा को सब को बताया गया। कार्यक्रम में वीर माता, संयुक्त परिवार के मुखिया का सम्मान हुआ।

वहीं पर्यावरण और गौ सेवा एवं रक्षा में सहयोग करने वाले युवाओं का भी सम्मान किया गया। इस दौरान सह जिला संघ चालक शिवदयाल मंगल, विभाग गौ सेवा संयोजक सरनाम सिंह, मुकेश शर्मा, संजय सिंह, लखनलाल हिंद, अनिल गोयल, शिप्रा गर्ग, नगर कार्यवाह धर्मराज सिंह, नरेश सिंह, दिनेश गुर्जर, विष्णु गुर्जर, लोकेंद्र गुप्ता, जगदीश गर्ग, राकेश वर्मा, राधेश्याम, सुरेश वर्मा, मुकेश सिंघल, राधारमन, दीनदयाल मित्तल, राजकुमार, दुर्गा वाहिनी प्रमुख अनुपमा अग्रवाल, गुनगुन परमार, मनीष गोयल मौजूद रहे।

## भारतीय जीवन मूल्यों और संस्कारों को अपनाने की आवश्यकता है- राकेश गोयल

### हिंदू सम्मेलन में विभिन्न लोगों को किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** डीग के तेली पाड़ा में ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर में महंत पंडित मुरारीलाल पाराशर की अध्यक्षता में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया,जिसमें सर्वजातियों के प्रमुख बंधुओं, मातृशक्ति और सामाजिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राकेश गोयल ने इस अवसर पर कहा कि सम्मेलन से सभी को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि जाति और क्षेत्रीय भेद से ऊपर उठकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूत किया जाए। उन्होंने भारतीय जीवन मूल्यों, संस्कारों और आचार-विचार को समझकर उन्हें दैनिक जीवन में अपनाने तथा देश के प्रति सम्मान और सामाजिक समरसता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लक्ष्मण मंदिर के महंत पंडित मुरारीलाल पाराशर ने कहा कि समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए समरस, संगठित और सद्भावपूर्ण समाज का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने परिवारों को संस्कार, संवाद और संस्कृति आधारित जीवन से जोड़ने की बात कही और कहा कि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज की नींव होता है।

साथ ही जल, जंगल, जमीन और जीवन की रक्षा, पेड़ लगाने और जल संरक्षण को नागरिक कर्तव्य बताया। संत कृष्ण बाबा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, क्योंकि देश की वर्तमान परिस्थितियों में ऐसे मंचों की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। इस अवसर पर मुकेश राजपूत, कृष्ण बल्लभ शर्मा, कमलचंद शर्मा, महावीर गुर्जर, अंजलि गांधी, बाबूलाल वर्मा, गोपाल इंदौलिया, जसवंत भारती, जितेंद्र पाराशर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जयपुर में तेज रफ्तार कार का कहर:साइकिलों से जा रहे चार मजदूरों को रौंदा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में क्रॉस मॉल के पास मंगलवार रात करीब 12.30 बजे एक तेज रफ्तार कार ने चार साइकिलों को टक्कर मार दी। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और 1 गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, मजदूर मैरिज गार्डन में कैटरिंग का काम करने के बाद अपने किराए के मकान की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित चौहान को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अधिकारी आम जन की समस्याओं का समयवद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करे- उत्सव कौशल

### जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत तिलकपुरी में आयोजित रात्रि चौपाल में सुनीं जनसमस्याएं

बढ़ता राजस्थान





**डीग (नि.स.)।** अधिकारी आमजन की समस्याओं का समय वद्ध, गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करे, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी यह बात जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने डीग जिले पंचायत समिति पहाड़ी की ग्राम पंचायत तिलकपुरी में आयोजित रात्रि चौपाल में जनसुनवाई करते हुए कही। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों के बीच बैठकर आत्मीयता से उनकी समस्याओं और अभाव-अभियोगों को सुना तथा मौके पर मौजूद विभिन्न विभागीय अधिकारियों को परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में मुख्य रूप से पेयजल, विद्युत आपूर्ति और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रकरण सामने आए। चंबल परियोजना के तहत जलापूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में प्राप्त परिवादों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में पेयजल वितरण को सुचारू बनाया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विद्युत बिल भुगतान से जुड़ी विसंगतियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। चौपाल में जिला कलेक्टर द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की गई। जिला कलक्टर कौशल ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत पात्र परिवारों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। साथ ही, स्थानीय नागरिकों द्वारा प्रस्तुत श्मशान घाट की चारदीवारी के निर्माण, पानी निकासी की उचित व्यवस्था और जमीन आवंटन से जुड़े मामलों पर भी चर्चा की गई।

इन विषयों पर संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मौका-मुआयना कर प्रस्ताव तैयार करने और नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही करने के लिए पाबंद किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सहित विभिन्न जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## आंगनवाडी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने निदेशक से की मुलाकात

### आंगनवाड़ी कार्मिकों की समस्याओं की जानकारी देकर मानदेय बढ़ाने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** नारी शक्ति आंगनवाडी कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक वासुदेव मालावत से मुलाकात कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं की जानकारी देते हुए मानदेय में वृद्दि करने की मांग की ।

प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने निदेशक को अवगत कराया कि कुम्हेर परियोजना की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का लंबित मानदेय का बजट शीघ्र दिया जावे, संघ ने मांग रखी कि मानदेय भुगतान को समयबद्ध और नियमित बनाया जाए। जिस पर निदेशक ने विश्वास दिलाया कि आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की समस्या का शीघ्र निराकरण किया जायेगा इसके साथ ही, बताया गया कि एसआईआर में जिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवाएं ली गई थीं, परंतु उन्हें इसके अनुरूप कोई प्रोत्साहन या पारितोषिक राशि शीघ्र प्रदान की जायेगी । संघ ने मांग की कि इस अतिरिक्त कार्य हेतु कार्मिकों को बोनस अथवा विशेष प्रोत्साहन राशि अवश्य दी जाए। ज्ञापन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्मिकों के मानदेय में वृद्धि की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आग्रह किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से केवल उसी विभाग से संबंधित कार्य लिया जाए, जिससे उन्हें मानदेय प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अतिरिक्त कार्यभार के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग की मूल सेवाएं प्रभावित होती हैं। प्रतिनिधियों ने महिला पर्यवेक्षक (सुपरवाइज़र) भर्ती शीघ्र निकालने तथा लंबे समय से कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अनुभव के आधार पर सुपरवाइज़र पद पर समायोजित करने की भी मांग उठाई। इस प्रतिनिधि मण्डल में संगठन की संरक्षक सीता स्वामी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सीता भाटी, प्रदेश संगठन मंत्री भगवती जोशी, श्रीगंगानगर जिला प्रभारी अमरपाल कौर, कोटा जिला अध्यक्ष मीरा शर्मा, टोंक जिला अध्यक्ष संजू स्वर्णकार, जिला मंत्री गुंजन शर्मा, रीना कठूमर, आशा सहयोगिनी मनीषा तिवारी, नीतू गोयल समेत कई वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## धौलपुर डिस्कॉम के एसई का कार्यभार सौपा बाड़ी एक्सईएन गोविन्द सिंह को

### कार्यभार ग्रहण करने के बाद गोविन्द सिंह ने ली डिस्कॉम अधिकारियो की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम के जोनल चीफ इंजीनियर विनय कुमार ने बाड़ी डिस्कॉम डिवीजन के अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह को धौलपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता (स्ध्व) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। गोविंद सिंह ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर कार्यालय के अधिकारियों की बैठक ली। पदभार संभालने के बाद एसई गोविंद सिंह ने अधिकारियों को उत्तरदायित्व के साथ निष्पक्ष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिस्कॉम के उच्च अधिकारियों के निर्देशों पर चल रहे विभिन्न अभियानों में तेजी लाने को भी कहा। एसई गोविंद सिंह ने जिले के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 33 केवी जीएसएस पर लगने वाले शिविरों में भाग लेकर अपने त्रुटिपूर्ण बिलों को सही कराएं। उन्होंने बकाया बिलों का भुगतान करने और बिजली चोरी न करने का भी आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि डिस्कॉम के पूर्व अधीक्षण अभियंता आरसी वर्मा और उनके निजी सहायक को भ्रष्टाचार के मामले में एसीबी ने कार्यालय में ही रंगे हाथों पकड़ा था। उन्हें भरतपुर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। इस घटना के बाद से पिछले 15 दिनों से जिले में अधीक्षण अभियंता का यह पद रिक्त चल रहा था।

## स्कार्पियो के आगे लगाई बाइक, विरोध किया तो हमला, स्कार्पियो में की जमकर तोड़फोड़

### स्कार्पियो सवार दो युवको की मारपीट, पुलिस कर रही जांच



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के तुलसीवन रोड़ पर स्कार्पियो गाड़ी के आगे बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में झगड़े का मामला सामने आया है। एक दर्जन की संख्या में आये आरोपी युवकों द्वारा स्कार्पियो पर जमकर पथराव किया है। साथ में स्कॉर्पियो सवार दोनों युवकों की मारपीट भी की गई है। आरोप है कि इस दौरान कट्टे से फायर किया है और युवक के गले में पहने सोने की जंजीर भी आरोपी छीन कर ले गए हैं। घटना को लेकर पीड़ित द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के मुगलपुरा गांव निवासी राजकुमार पुत्र सुल्तान सिंह गुर्जर ने बताया कि वह अपने साथी सचिन के साथ मंगलवार की शाम अपने घर में होने वाली शादी को लेकर रिश्तेदारी में कार्ड बांटने के लिए स्कॉर्पियो गाड़ी से निधारा गांव जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह कृष्णा रिसोर्ट के पास पहुंचा और तो पीछे से आई अपाची बाइक स्कॉर्पियो के आगे आकर खड़ी हो गई। जब उन्होंने उसे हटाने की कहा तो आरोपी गालियां देने लगे। इस पर ही विवाद बढ़ गया। बाद में अपाची सवार आरोपी वकील और बबलू ने फोन करके दो-तीन और बाइको पर करीब एक दर्जन लोगों को बुला लिया और पथराव करने लगे।

जब उन्होंने बचने का प्रयास किया ओर स्कार्पियो को रोड़ के साइड से निकालना चाहा तो आरोपियों ने घेर लिया और गाड़ी पर जमकर पथराव किया। जिसमे गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। इस दौरान आरोपियों ने दोनों युवकों गाड़ी से निकालकर लाठी, डंडों से मारपीट की है। एक युवक ने कट्टे से फायर किया। वही राजकुमार के गले में पहनी सोने की चेन भी आरोपी छीन कर ले गए।

## प्रेग्नेंसी किसी भी महिला के जीवन का सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण फेज - डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव

### प्रेग्नेंसी में न खाएं ये चीजें क्या चाय-कॉफी पीना सही है, जानें हेल्दी डाइट प्लान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** प्रेग्नेंसी किसी भी महिला के जीवन का सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण फेज होता है। इस दौरान होने वाली मां को सिर्फ अपनी नहीं, बल्कि अपने गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत का भी ख्याल रखना होता है। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में कई तरह के हॉर्मोनल चेंजेस होते हैं और उनका इम्यून सिस्टम भी पहले जैसा मजबूत नहीं रहता है। ऐसे में उनकी हेल्थ और बच्चे की ग्रोथ के लिए मां का हेल्दी डाइट लेना बेहद जरूरी है। उक्त जानकारी पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ सर्जन एवं एस.एस. हॉस्पीटल के निदेशक डा0 अखिलेश श्रीवास्तव की पुत्रवधु वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने इस पत्रकार को दी। डा0 शिप्रा ने बताया कि प्रेग्नेंसी में अक्सर महिलाएं यह सोचकर कुछ भी खा लेती हैं कि 'हमें तो दो लोगों की डाइट लेनी है', लेकिन यह आधा सच है। प्रेग्नेंसी में हर चीज खाना सुरक्षित नहीं होता है। कुछ फूड्स ऐसे होते हैं, जो इन्फेक्शन, फूड पॉइजनिंग, हॉर्मोनल असंतुलन और बच्चे की ग्रोथ पर नेगेटिव असर डाल सकते हैं। ऐसे में यह समझना बहुत जरूरी है कि प्रेग्नेंसी में क्या खाना चाहिए और किन चीजों से बचना चाहिए।

**सवाल**- प्रेग्नेंसी के दौरान खाने को लेकर सचेत क्यों रहना जरूरी है?

**जवाब**- डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रेग्नेंसी के दौरान मां जो भी खाती है, उसका सीधा असर बच्चे की ग्रोथ, ब्रेन डेवलपमेंट और स्वास्थ्य पर पड़ता है। इस दौरान होने वाली मां का इम्यून सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है, जिससे इन्फेक्शन, फूड पॉइजनिंग और पोषक तत्वों की कमी का रिस्क बढ़ जाता है। कुछ फूड्स भ्रूण के विकास को प्रभावित कर सकते हैं, जबकि कुछ प्री-मैच्योर डिलीवरी या अन्य कॉम्पलिकेशंस का कारण बन सकते हैं। इसलिए डॉक्टर सलाह देते हैं कि प्रेग्नेंट महिलाएं सुरक्षित, साफ-सुथरा, हल्का और पौष्टिक खाना चुनें।

**सवाल**- प्रेग्नेंसी के दौरान कौन से फूड्स नहीं खाने चाहिए?

**जवाब**- डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ फूड्स हैं, जो प्रेग्नेंसी में मां-बच्चे दोनों की सेहत के लिए रिस्की होते हैं। कच्चे या अधपके पपीते में लेटेक्स नामक एक सफेद लिक्विड होता है, जो यूट्रस में संकुचन पैदा कर सकता है। इसलिए प्रेग्नेंसी में पपीता बिल्कुल न खाएं। कच्चा अंडा या अधपका मीट भी नहीं खाना चाहिए क्योंकि इनमें खतरनाक बैक्टीरिया हो सकते हैं। ये बैक्टीरिया फूड पॉइजनिंग समेत कई गंभीर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ और फूड्स भी हैं, जिन्हें प्रेग्नेंसी के दौरान अवॉइड करना चाहिए।

**सवाल**- प्रेग्नेंसी के दौरान कौन सी चीजें खानी चाहिए?

**जवाब**- डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चे के सही विकास के लिए प्रेग्नेंट महिलाओं को पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लेना चाहिए, जिसमें मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, रागी), राजमा, काबुली चना, पंपकिन सीड्स, सनफ्लावर सीड्स, ड्राईफ्रूट्स, सरसों तेल, घी, फल-हरी सब्जियां जैसी चीजें शामिल करनी चाहिए।

**सवाल**- क्या प्रेग्नेंसी के दौरान एक्सरसाइज या योगा करना सुरक्षित है?

**जवाब**- डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रेग्नेंसी में हल्की एक्सरसाइज और योगा पूरी तरह सुरक्षित है। नियमित एक्सरसाइज से शरीर एक्टिव रहता है, कमर-दर्द कम होता है, ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और डिलीवरी के समय शरीर को स्ट्रेंथ मिलती है।

योग सांसों को कंट्रोल करता है, तनाव घटाता है और नींद बेहतर आती है। हालांकि हर महिला की प्रेग्नेंसी अलग होती है, इसलिए शुरुआत डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें।

# धर्मनगरी भीलवाड़ा में 19 फरवरी से विशाल सनातन समागम, धर्म-भक्ति की अविरल धारा बहेगी

## हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर परिसर में होगा सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** धर्मनगरी भीलवाड़ा एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। भारत में पहली बार सनातन समागम एवं दीक्षा दान प्रसंग के भव्य आयोजन के तहत 19 से 26 फरवरी तक हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर परिसर में आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में देश-विदेश से सनातनी धर्मप्रेमियों का भीलवाड़ा आगमन होगा।

आयोजन के अंतर्गत आश्रम के तीन ब्रह्मचारियों इन्द्रदेव, कुनाल एवं सिद्धार्थ को विधिपूर्वक दीक्षा प्रदान की जाएगी। महोत्सव का मार्गदर्शन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज कर रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया गया कि यह महोत्सव किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि समस्त सर्व सनातन समाज का सामूहिक आयोजन है, जिसके माध्यम से सनातन एकता का संदेश विश्व पटल पर दिया जाएगा।

### 25 फरवरी को संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा

दीक्षा दान समारोह से एक दिन पूर्व 25 फरवरी को प्रातः 8 बजे अयोध्या नगर स्थित दूधाधारी मंदिर से भव्य संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में संत-महापुरुषों, दीक्षार्थियों, नगर प्रभात फेरी मंडलियों तथा हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार भी इसमें प्रस्तुति देंगे।

### 19 फरवरी को पोथी-कलश यात्रा से होगा आगाज

सनातन मंगल महोत्सव का शुभारंभ 19 फरवरी को प्रातः 9 बजे श्रीमद् भागवत महापुराण पोथी-कलश यात्रा से होगा। यात्रा संकटमोचन हनुमान मंदिर (पोस्ट ऑफिस के सामने) से प्रारंभ होकर आश्रम परिसर पहुंचेगी। इसमें विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों एवं महिला मंडलों की हजारों श्रद्धालु महिलाएं भाग लेंगी।

### भागवत कथा, रासलीला और वैदिक अनुष्ठान

19 से 25 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। साथ ही 19 से 26 फरवरी तक प्रतिदिन सायं 7 बजे रासलीला का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान विश्व शांति व कल्याण की भावना से प्रतिदिन प्रातः वैदिक अग्नि अनुष्ठान, पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ, अष्टोत्तर शत भागवत मूल पाठ, शतचण्डी पाठ, अखण्ड गीता पाठ, रामचरितमानस पाठ एवं रामनाम संकीर्तन संपन्न होंगे। सायं 6 बजे काशी परंपरा अनुसार गंगा आरती होगी। इन कार्यक्रमों की पूर्णाहुति 25 फरवरी को होगी।

### यह रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता में चाँदमल सोमानी, रविंद्र जाजू, सुरेश गोयल, हनुमान अग्रवाल, छितरमल गेंगट, रमेश मूंदड़ा, हीरालाल गुरनानी, हेमंत वच्छानी, ईश्वरलाल आसनानी, पुरुषोत्तम परियानी, इंद्र अवतानी, राजा टिकयानी, विजय मोटवानी, रमेश राठी, पल्लवी वच्छानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नगर मण्डल अध्यक्ष बदला, अब गौरव त्यागी को बनाया नगर मण्डल अध्यक्ष

## मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर हुई खींचतान का नतीजा

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)।** चित्तौडग़ढ़ भाजपा में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर चल रही खींचतान अब एक खुले राजनीतिक द्वन्द का रूप ले चुकी है। इस विवाद के केंद्र में सत्ता (विधायक आक्या) और संगठन (सांसद जोशी) के बीच अपने समर्थकों को स्थापित करने की होड़ है। इसी द्वन्द के बीच मंगलवार देर रात्रि को नगर मण्डल अध्यक्ष के रूप में सांसद खेमे के गौरव त्यागी की नियुक्ति की खबर के बाद वाकयुद्ध की सोशल मीडिया पर बाढ़ सी आ गई है। वही पार्टी ने हाल ही में जनवरी के अंतिम सप्ताह में विधायक आक्या खेमे से नियुक्त नगर अध्यक्ष सुदर्शन रामपुरिया को जिला उपाध्यक्ष बनाकर वाकयुद्ध को समाप्त करने तथा सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया है। चित्तौडग़ढ़ भाजपा में चंद्रभान सिंह आक्या और सी.पी. जोशी के बीच के बीच वर्चस्व का मामला एक बार फिर से गरमा गया है। ताजा घटनाक्रम बता रहे हैं कि दोनों गुटों के बीच की खाई कम होने के बजाय और गहरी होती जा रही है। ताज़ा विवाद की सबसे बड़ी वजह चित्तौडग़ढ़ के 6 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति है। हाल ही में जनवरी के अंतिम सप्ताह में भाजपा ने छह मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति की थी जिसमें से 5 विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के खेमे से नियुक्त हुए थे। सांसद सी.पी. जोशी के समर्थक इस नियुक्ति से बेहद नाराज हैं। उनका मानना है कि संगठन में उन लोगों को तरजीह दी गई है जिन्होंने विधानसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम किया था। यह विवाद अब पार्टी के मूल कैडर (पुराने कार्यकर्ता) बनाम विधायक के निजी प्रभाव के बीच का द्वन्द बन गया है। मंगलवार देर रात्रि को भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने चित्तौडग़ढ़ नगर मण्डल अध्यक्ष के रूप में गौरव त्यागी की नियुक्ति के साथ ही सुदर्शन रामपुरिया के जिला उपाध्यक्ष, गोपाल चौबे के जिला मंत्री तथा षाश्वत सक्सेना के जिला प्रवक्ता के रूप में नियुक्ति की घोषणा की। विधानसभा चुनाव 2023 के बाद लगा था कि आक्या द्वारा भाजपा को समर्थन देने और सी.पी. जोशी के एक साथ फोटो खिंचवाने के बाद "कोल्ड वार" खत्म हो गया है लेकिन हाल ही में हुई मण्डल अध्यक्षों की नियुक्तियों ने साबित कर दिया था कि चित्तौडग़ढ़ भाजपा में "वर्चस्व की असली जंग" तो अब शुरू हुई है। यह खींचतान केवल मंडल अध्यक्षों के पदों तक सीमित नहीं है बल्कि यह आगामी नगर परिषद और पंचायत चुनावों की तैयारी है। जो गुट संगठन पर कब्ज़ा करेगा, टिकट वितरण में उसी की बात ऊपर रहेगी।

# प्रेमपुरा स्कूल के विद्यार्थियों ने जाना आधुनिक कृषि व पशुपालन का गुर, छात्राओं को मिली साइकिलें

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत प्रेमपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञानवर्धन और सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं को लेकर दोहरे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय के कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थियों ने केंद्रीय कृषि फार्म, सूरतगढ़ एवं केन्द्रीय पशु प्रजनन फार्म, सूरतगढ़ का औद्योगिक भ्रमण किया। वहीं व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उन्नत खेती, आधुनिक कृषि यंत्रों और पशु प्रजनन की वैज्ञानिक तकनीकों को करीब से देखा। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को भविष्य में कृषि क्षेत्र में करियर और स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, विद्यालय परिसर में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा 9 की 16 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि साइकिल मिलने से न केवल छात्राओं का आवागमन सुगम होगा, बल्कि उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि भी बढ़ेगी। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार एवं प्रधानाचार्य श्रीमती वैजयंती माला, सरपंच/प्रशासक प्रतिनिधि सोनू अरोड़ा, सुरेंद्र डेलू, कौशल मित्र सोहनलाल वर्मा, व्याख्याता मुकेश कुमार, साजनराम सहित विद्यालय स्टाफ और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# कंकाल मिलने से मचा हडकंप



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** 80 फीट रोड पर स्थित बापू नगर में एक भूखंड की नींव खोदने के दौरान कंकाल मिलने से हडकंप मच गया। जिससे आसपास के लोगों में दहशत हो गई एवं तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि 80 फीट रोड पर एमसीएम होस्पीटल के पीछे एक भूखंड की नींव खोदने के दौरान करीब 25-30 वर्ष पुराना मानव जैसा अवषेश (कंकाल) मिला है। उन्होंने बताया कि नींव खुदाई का कार्य कर रहे मजदूरों ने करीब 2 फीट गहराई में मिट्टी हटाते समय मानव कंकाल जैसे अवशेष दिखाई दिए। जिसके बाद तुरंत काम रोक दिया गया और पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर अवषेश को कब्जे में लिया। अवषेश को जांच के लिए फॉरेंसिक भिजवाया जाएगा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राजसेस कॉलेजों में शिक्षा नीति के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय महाविद्यालय के तत्वावधान में राजसेस कॉलेजों में शिक्षा नीति



एवं टीचिंग के विरोध में महाविद्यालय परिसर में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया एवं एसडीएम प्रीति मीणा को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सभी संकाय सदस्यों ने राजसेस कॉलेजों में शिक्षा नीति एवं टीचिंग के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एबीआरएसएम के जिला सचिव डॉ छोटूलाल मीण, कन्या महाविद्यालय सचिव डॉ प्रीति जैन, महाविद्यालय सचिव डॉ मीनाक्षी बघेल सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे।

# पायरी गांव में श्री शिव पुराण कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, संतवाणी से हुआ आध्यात्मिक वातावरण

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** निंबाहेड़ा के समीपवर्ती ग्राम पायरी में इन दिनों प्रसिद्ध कथा वाचक श्री प्रहलाद कृष्ण महाराज के मुखारविंद से आयोजित श्री शिव पुराण कथा का भव्य एवं श्रद्धामय आयोजन चल रहा है। कथा के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था देखने को मिल रही है, जहां पायरी सहित आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। बुधवार को आयोजन में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, मेघराज जाट, नारायण बुनकर, रामलाल जाट सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पूरे श्रद्धाभाव से श्री शिव पुराण कथा का श्रवण किया।

आयोजन समिति की ओर से किशन सिंह, कालू सिंह, राजू जाट, शंकर सिंह, भंवर जाट, नारायण सिंह, रमेश भील, विजेश दास सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने कहा कि श्री शिव पुराण कथा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भगवान शिव की कथाएं जीवन को संयम, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कथा स्थल पर पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया गया। श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ कथा का रसपान किया। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है।

# समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कपासन में 4.49 करोड़ से बने नवनिर्मित शिक्षा भवन का 7 को होगा लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पीएबी योजना से 4.49 करोड़ की लागत से बने नवीन शिक्षा भवन के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर घीसूलाल कोठारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मुख्य शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे आगामी 7 फरवरी शनिवार को प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं एवं दायित्वों का आवंटन किया गया।साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा,अतिथि सत्कार, मंच व्यवस्था,प्रचार-प्रसार आदि व्यवस्थाओ पर सुझाव के साथ सार्थक चर्चा की गयी।

इस बैठक को संबोधित करते हुवे भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय ने कहाकि शिक्षा समाज एवं राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत नींव होती है।इस हेतु 4.49 करोड़ की लागत से बने नवीन शिक्षा भवन आने वाली पीढियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।साथ ही मंडल अध्यक्ष विजयवर्गीय ने कहाकि उक्त नवीन शिक्षा भवन क्षेत्र की शैक्षणिक प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।जिसे समस्त कार्यकर्ताओं को पूर्ण समर्पण के साथ लोकार्पण कार्यक्रम सफल बनाना चाहिये। इस दौरान विद्यालय उप प्रधानाचार्य मदनलाल जाट द्वारा लोकार्पण कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं संबंधी विस्तृत जानकारी दी गयी। उक्त बैठक के अंत में घीसूलाल कोठारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कचहरी कपासन के प्रधानाचार्य मनोज कुमार वर्मा द्वारा उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।इस मौके पर जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर टेलर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,युवा नेता तरुण बारेगामा,भगवतीलाल आचार्य,प्रतीक वैष्णव, नारायण सुथार,राकेश आचार्य,प्रवीण कोठारी,पंकज कुमावत आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# बाबा श्याम का 12वां दो दिवसीय पाटोत्सव का आगाज 7 से

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** इंदिरा कॉलोनी में स्थित श्याम मंदिर में बाबा श्याम का 12वां दो दिवसीय पाटोत्सव 7 फरवरी से शुरू होगा। श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। पाटोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, गुब्बारों व फूलों से सजाया जा रहा है। वहीं आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। महोत्सव को लेकर 7 फरवरी सुबह 8 बजे से कलकत्ता के सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष शर्मा के सानिध्य में श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जाएगा। 8 फरवरी को सुबह 9 बजे कंकाली माता मंदिर से विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों के साथ शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्याम मंदिर पहुँचेगी। जहाँ श्रद्धालु बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें खलीलाबाद उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध गायक हरमिंदरसिंह रोमी व मध्य प्रदेश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका कनिका ग्रोवर सहित कई गायक व गायिका बाबा के भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# संजोग की शुभ शुरुआत: आरडीबी जीटो मैट्रिमोनी मीट की सफलता के लिए गणपति चरणों में अर्पित हुआ निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जीतो मैट्रिमोनी वर्टिकल के अंतर्गत जीतो ब्यावर चैप्टर द्वारा आयोजित किए जा रहे 'संजोग - आरडीबी जीटो वैवाहिक परिचय सम्मेलन' के सफल आयोजन की कामना के साथ बुधवार को भगवान गणपति को विधिवत निमंत्रण अर्पित किया गया। प्रातः 11 बजे सूरजपोल गेट स्थित श्री प्रसन्न गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना कर इस सामाजिक आयोजन की शुभ एवं औपचारिक शुरुआत की गई। इस पावन अवसर पर जीतो ब्यावर चैप्टर, जीतो लेडीज़ विंग एवं जीतो यूथ के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने भगवान गणपति जी से प्रार्थना की कि आगामी मैट्रिमोनी मीट सफल, मंगलमय एवं समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो जीतो को-कन्वीनर मनीष मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन समाज के योग्य युवक-युवतियों को उपयुक्त जीवनसाथी चयन हेतु एक सशक्त और सुव्यवस्थित मंच प्रदान करेगा। इस अवसर पर ब्यावर चैप्टर के चेयरमैन रतनप्रकाश कोठारी, चीफ सेक्रेटरी सुभाष औसतवाल, कोषाध्यक्ष निर्मल खींवसरा, कन्वीनर कमलेश बंट सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने गणपति जी के आशीर्वाद के साथ आयोजन की सफलता और समाज के सुखद भविष्य की कामना की कार्यक्रम में प्रवीण मुथा, विनोद नाहर, पंकज बंट, कमल श्रीश्रीमाल, जितेंद्र नाबेड़ा तथा चैप्टर मैनेजर अजय चौधरी सहित जीतो परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे गणपति के आशीर्वाद के साथ 'संजोग' ने शुभ कदम बढ़ाया, उम्मीद है यह आयोजन समाज में नए, सुखद और स्थायी रिश्तों की मजबूत नींव रखेगा।

**पुलिस की लापरवाही, सामाजिक दबाव और झूठे मामलों का आरोप, अजमेर मॉडल लागू करने की उठी जोरदार मांग**

# मृत्युभोज जैसी कुप्रथा पर सख्ती की मांग, कलेक्टर से बोले सामाजिक संगठन-कानून तो है, अमल क्यों नहीं?

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजस्थान मृत्युभोज (निषेध) अधिनियम, 1960 के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर बुधवार को सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर ब्यावर को एक विस्तृत एवं गंभीर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मृत्युभोज (नुक्ता, मौसर आदि) जैसी अमानवीय सामाजिक कुप्रथा के बढ़ते मामलों, सामाजिक व पारिवारिक दबाव, पुलिस की कथित लापरवाही तथा प्रतिशोधात्मक झूठी शिकायतों पर गहरी चिंता जताई गई ज्ञापन में बताया गया कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद मृतक परिवार पर समाज और रिश्तेदारों द्वारा अत्यधिक दबाव बनाया जाता है, जिसके चलते वे कानूनन अपराध होने के बावजूद मृत्युभोज जैसे आयोजन करने को मजबूर हो जाते हैं। जबकि राजस्थान मृत्युभोज (निषेध) अधिनियम, 1960 के तहत यह स्पष्ट रूप से दंडनीय अपराध है सामाजिक संगठनों ने उल्लेख किया कि बीते समय में सामाजिक समझाइश, जागरूकता और संवाद के माध्यम से कई गांवों में लगभग एक वर्ष तक मृत्युभोज पूरी तरह बंद रहा और समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला। हालांकि अब पुनः कुछ गांवों में मृत्युभोज के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे पूर्व में किए गए सुधार प्रयासों को गहरा झटका लगा है।

ज्ञापन में अजमेर जिले के थाना मांगलियावास एवं पीसांगण का उदाहरण देते हुए बताया गया कि वहां पुलिस और प्रशासन द्वारा मृत्युभोज निवारण अधिनियम के तहत सख्त और नियमित कार्रवाई की जा रही है, जिससे इस कुप्रथा पर प्रभावी रोक लगी है। इसी मॉडल को ब्यावर जिले में भी लागू करने की मांग की गई।

### प्रमुख मांगें

ब्यावर जिले में राजस्थान मृत्युभोज (निषेध) अधिनियम, 1960 का सख्ती से पालन,सभी थाना क्षेत्रों के लिए मृत्युभोज रोकथाम के स्पष्ट व लिखित आदेश,पुलिस अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच सामाजिक सुधार हेतु कार्य कर रहे व्यक्तियों को कानूनी संरक्षण, झूठी व प्रतिशोधात्मक शिकायतों पर तत्काल रोक, अजमेर जिले के सफल मॉडल को ब्यावर में लागू करना इस अवसर पर राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानव अधिकार संस्था के जिलाध्यक्ष चिराग मेघवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपिल टांक, महासचिव हितेंद्र कटारिया, कानूनी सलाहकार एडवोकेट नरेश बरवड, सचिव कमलेश माली, अंबेडकर एकीकृत संस्था के जिलाध्यक्ष ईश्वर तंवर, शशिकांत, बाबूलाल गुजरिया, मुकेश सामरिया सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।सामाजिक संगठनों ने स्पष्ट किया कि यह ज्ञापन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि समाज से एक अमानवीय कुप्रथा को समाप्त कर कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से दिया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र ठोस आदेश जारी कर मृत्युभोज पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने की मांग की।

# मोबाइल गेमिंग की लत के शिकार स्टूडेंट ने लगाई फांसी

## भोपाल में 8वीं क्लास में पढ़ता था परिवार का इकलौता बेटा, टास्क पूरा करने का शक

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** भोपाल में मोबाइल गेमिंग की लत के चलते 14 साल के स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली। परिजन को आशंका है कि ऑनलाइन गेम में दिए गए टास्क को पूरा करने के लिए बच्चे ने आत्मघाती कदम उठाया। फिलहाल, पुलिस जांच में जुटी है। मामला पिपलानी थाने की श्रीराम कॉलोनी का है। यहां रहने वाले 14 वर्षीय अंश साहू ने सोमवार दोपहर अपने घर में फांसी लगा ली। 8वीं क्लास में पढ़ने वाला अंश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। माता-पिता प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं।

### परिजन ने मोबाइल छीन लिया था

परिजन ने पुलिस को बताया कि अंश को कुछ दिन से मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने की आदत लग गई थी। इसी बात को लेकर उसे कई बार समझाया गया था। पढ़ाई पर असर पड़ता देख परिवार वालों ने उसका मोबाइल फोन छीनकर रख लिया था। सोमवार को अंश के माता-पिता तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने घर से बाहर गए थे। लौटे तो अंश कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। वे उसे तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पड़ोसी बोले- अकेले रहना पसंद करता था

पड़ोसियों के अनुसार, अंश शांत स्वभाव का था। हाल के दिनों में वह अकेले रहना पसंद करने लगा था। वहीं, पिपलानी थाना प्रभारी चंद्रिका यादव ने कहा- प्राथमिक तौर पर लग रहा है कि बच्चे ने मोबाइल की लत के कारण ये कदम उठाया। जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा।

# हाईकोर्ट ने कहा- सजा से पहले सजा न्याय नहीं

## आरोपी बिना ट्रायल 6 साल से जेल में, यह न्यायिक प्रक्रिया की विफलता, जमानत दी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने बिना सजा के आरोपी को 6 साल से ज्यादा समय तक जेल में रखने पर हैरानी और नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इसे स्वतंत्रता के अधिकार का घोर उल्लंखन बताया है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की अदालत ने संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के तत्कालीन चेयरमैन शैतान सिंह को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि जब न्यायिक प्रक्रिया स्वयं दंडात्मक स्वरूप ले ले, तो यह कानून के शासन के लिए खतरनाक संकेत हैं।

आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सुराणा ने बहस करते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ जिन धाराओं में चार्जशीट पेश की गई, उसमें अधिकतम 7 साल की सजा का प्रावधान है। वहीं आरोपी पिछले 6 साल 4 महीने से जेल में है।

### मामले में चार्ज भी फ्रेम नहीं हुए

उन्होंने अदालत को बताया कि आरोपी 20 सितंबर 2019 से जेल में है। आरोपी के खिलाफ एसओजी साल 2020 में जांच पूरी कर चुकी है। आरोपी के पास से कोई रिकवरी भी नहीं हुई है। मामले में सह अभियुक्त देवी सिंह सहित 12 आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। मामले में अभी तक चार्ज भी फ्रेम नहीं हुए हैं। ऐसे में ट्रायल में ज्यादा समय लगेगा।

# एसआईआर पर ममता बोलीं ईसी बंगाल को निशाना बना रहा

## नाम मिसमैच पर दिए नोटिस वापस लिए जाएं; पहली बार किसी सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन मामले पर सुनवाई की। जहां राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी वकीलों के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग के निशाने पर है। जो काम 2 साल में होना था, उसे 3 महीने में करवाया जा रहा है। सुनवाई के बाद सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिए। ममता की याचिका पर बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी से 9 फरवरी तक जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर अपनी दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर मुख्यमंत्रियों के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं।

# कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने विधानसभा में दी गाली

## मुख्य सचेतक का राहुल पर तंज, बीएपी MLA बोले-भील प्रदेश के लिए हम सड़क से सदन तक लड़ेंगे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान बुधवार को पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने गाली दे दी। धारीवाल ने कहा कि अगर लाखों युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देकर रोजगार योग्य नहीं बनाया तो यह युवा आबादी चुनौती बन जाएगी।

इस पर सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसते हुए कहा- इस देश में एक युवक को छोड़कर सबको रोजगार मिल गया। गर्ग को जवाब देते हुए धारीवाल ने कहा- आपकी बात आधी समझ आती है...। इसी दौरान धारीवाल ने गाली दे दी। धारीवाल के बात खत्म करने के बाद सरकारी मुख्य सचेतक ने कहा कि आदत के मुताबिक धारीवाल ने आज सदन में फिर गाली दी है, उसे सदन की कार्यवाही से हटाया जाए।

सभापति ने गाली को कार्यवाही से हटाने के आदेश दिए। शांति धारीवाल पहले भी सदन में गाली दे चुके हैं, उस वक्त भारी हंगामा हुआ था और उन्हें सदन से माफी मांगनी पड़ी थी।

अभिभाषण पर बहस के दौरान चौरासी से भारत आदिवासी पार्टी विधायक अनिल कटारा ने सरकार पर आदिवासियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए भील प्रदेश की मांग उठाई। इससे पहले आज विधानसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही के दौरान कई बार पक्ष-विपक्ष में नोकझोंक हुई। देर शाम कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी सवालों में विपक्ष से उलझ गए विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान राजस्व मंत्री के बाद यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी सवालों में विपक्ष से उलझ गए। इस दौरान सदन में मंत्रियों और विपक्ष के बीच नोकझोंक और हंगामा हुआ। विवाद की शुरुआत आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग के सवाल से हुई। गर्ग ने भरतपुर में आवासहीन परिवारों की संख्या और पीएम आवास योजना के पात्र परिवारों पर सवाल पूछा था। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट सुभाष गर्ग ने कहा कि पहले आवासहीन परिवारों की संख्या बताइए। मंत्री पीएम आवास योजना की पात्रता की शर्तें बताने लगे। गर्ग ने आपत्ति करते हुए कहा- होमलेस पॉलिसी-2022 में आवसहीन परिवारों के सर्वे करने का प्रावधान है या नहीं। मैंने तो इस पर जवाब मांगा था। मैं तो हां-ना में जवाब मांग रहा हूं।

# राजस्थान में तीन बच्चों वाले भी बन सकेंगे सरपंच-प्रधान

## अनपढ़ों के निकाय-पंचायत चुनाव लड़ने पर नहीं लगेगी रोक, सरकार का विधानसभा में जवाब

पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों में अनपढ़ों के चुनाव लड़ने पर सरकार रोक नहीं लगाएगी। निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के लिए शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य करने का प्रावधान लागू नहीं होगा। साथ ही 2 से ज्यादा संतान वालों के निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने पर लगी रोक हटाने के लिए बिल विधि विभाग में प्रक्रियाधीन है।

कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा के सवाल के जवाब में दोनों मामलों में सरकार ने लिखित जवाब में इसकी जानकारी दी है। सरकार ने पहली बार लिखित में दोनों मुद्दों पर जवाब दिया है। पूसाराम गोदारा ने सवाल किया था कि क्या सरकार नगर निकायों के चुनाव में उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता और संतान संबंधी प्रावधानों में संशोधन करने का विचार रखती है? इस पर सरकार की तरफ से जवाब में लिखा है- सरकार का नगर निकायों के चुनाव में उम्मीदवारों की योग्यता के संबंध में वर्तमान में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 21 में प्रावधान हैं, जिनमें शैक्षणिक योग्यता के संबंध में कोई नियम नहीं है। शैक्षणिक योग्यता के लिए नियमों में संशोधन किए जाने का वर्तमान में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। 2 से ज्यादा संतान वालों को चुनाव लड़ने की छूट देने वाले प्रावधान के सवाल के जवाब में लिखा है- राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 24 के प्रावधानों में संशोधन के लिए विधि विभाग को फाइल भेजी गई है, जो प्रक्रियाधीन है।

### 30 साल पहले बना था नियम

1994-95 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत की सरकार में राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 बना था। इसके मुताबिक जिन जनप्रतिनिधियों के दो से ज्यादा बच्चे होंगे, वो पंचायत और निकाय चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इसमें चुनाव जीतने के बाद तीसरा बच्चा पैदा होने पर पद से हटाने का भी प्रावधान किया गया था। तब से अब तक इसमें कोई शिथिलता नहीं दी गई है।

# राजस्थान में फिर छाएंगे बादल, कोहरे का भी अलर्ट

## कई जिलों में बादल छाने से बदलेगा मौसम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिर्स्टबेंस का प्रभाव खत्म होने के साथ ही सर्दी फिर से बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने अगले तीन-चार दिन प्रदेश में सर्द हवा, कोहरा और बादल छाने की संभावना जताई है।

मंगलवार को जयपुर, सीकर, पिलानी, चूरू समेत कई शहरों में उत्तरी हवा के असर से पारा 4 डिग्री तक गिर गया। शेखावाटी के इलाकों में न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट (10 डिग्री से नीचे) में दर्ज हुआ। जबकि दिन का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

### बादल छाए और कोहरा भी रहा

पिछले 24 घंटे में जोधपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, फलोदी, नागौर, सीकर, बीकानेर समेत उत्तर-पश्चिम के जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए। इधर जयपुर, कोटा, भरतपुर के संभाग के जिलों में हल्की धुंध रही। इस कारण मंगलवार को प्रदेश के अधिकांश शहरों में धूप कमजोर रही और तापमान में गिरावट हुई। जयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### पाली, सीकर, नागौर सबसे ठंडा इलाका

इससे पहले मंगलवार को राज्य में शेखावाटी के एरिया में सर्द हवा के असर से सुबह-शाम की सर्दी तेज हो गई। कल सबसे ज्यादा ठंडा इलाका सीकर, नागौर, फतेहपुर (सीकर), पाली का रहा। इन शहरों में न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान 5 .5 डिग्री सेल्सियस नागौर में दर्ज हुआ। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राज्य में अगले दो-तीन दिन मौसम साफ रह सकता है। कुछ शहरों में हल्के बादल छा सकते हैं, जबकि उत्तरी राजस्थान के कुछ शहरों में कोहरा भी देखने को मिल सकता है। इस दौरान तापमान में कोई खास उतार-चढ़ाव नहीं देखने को मिलेगा।

# कलेक्टर-एडीएम समेत कई अफसर गैरहाजिर, ऑफिसों पर ताले

## डीडवाना-कुचामन के 14 विभागीय दफ्तरों पर छापा, जांच टीम बोली- कलेक्टर का जिले पर कोई काबू नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** राजस्थान के प्रशासनिक सुधार विभाग की टीम बुधवार को डीडवाना-कुचामन जिला मुख्यालय अचानक पहुंच गई। निरीक्षण ने जिले की प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है, जिसमें जिम्मेदार अधिकारी ऑफिसों से गायब मिले। शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक राज्य स्तरीय टीम सुबह ठीक 9:40 बजे एक साथ 14 सरकारी विभागों में पहुंची और जांच शुरू कर दी। अचानक टीम के आने के बाद विभागीय कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। जांच के दौरान जिला कलेक्ट्रेट में 40 कार्मिकों में से 33 कर्मचारी अपनी सीट पर मौजूद नहीं थे।

# युमनाम खेमचंद मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री

## मैतेई सीएम के साथ नगा समुदाय से लोसी, कुकी से नेमचा डिप्टी सीएम; 356 दिन बाद राष्ट्रपति शासन हटा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार शाम को इम्फाल स्थित लोकभवन में खेमचंद को शपथ दिलाई। खेमचंद मैतेई समुदाय से आते हैं। उनके साथ ही नगा समुदाय से आने वाले लोधी दिखो ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। वे नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक हैं। वहीं, कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन राज्य की पहली डिप्टी सीएम बनीं। भाजपा नेता नेमचा ने दिल्ली के मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शपथ लीं।

**राज्य में 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू था**-आज ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राज्य में 356 दिन से लगा राष्ट्रपति शासन हटाया है। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा के कारण 9 फरवरी 2025 को तत्कालीन सीएम एन. बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया था। इसके 4 दिन बाद, 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


### भारत और अमेरिका के बीच ऐतिहासिक व्यापारिक समझौते से देश-प्रदेश के लिए खुलेंगे असीमित संभावनाओं के द्वार

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में बढ़ी भारत की साख - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापारिक समझौते से पूरे देश के साथ-साथ राजस्थान के लिए भी असीमित संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। उन्होंने इस समझौते के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

श्री शर्मा ने कहा कि अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर लगने वाले टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। यह राहत हमारे निर्यात क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि जब दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो दोनों देशों के लोगों को लाभ होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते के माध्यम से प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विजन को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है। उनके नेतृत्व में भारत ने पिछले 6 वर्षों में 9 ट्रेड डील की हैं। पूरा विश्व भारत की क्षमता का लोहा मान रहा है एवं वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान देश का अग्रणी निर्यातक राज्य है। इस समझौते से भीलवाड़ा, पाली, बालोतरा, जयपुर जैसे वस्त्र निर्माण के केंद्र अमेरिकी बाजार तक पहुंच बनाएंगे। जब हमारे उद्योग समृद्ध होंगे और निर्यात बढ़ेगा तो रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस प्रकार बड़े व्यापक आर्थिक प्रभाव के साथ इस समझौते से अर्थव्यवस्था को अधिक गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में हस्तशिल्प और हथकरघा उद्योग को भी इससे नई ऊर्जा मिलेगी। ब्लू पॉटरी, लघु चित्रकला, संगमरमर की नक्काशी, लकड़ी के हस्तशिल्प और हाथ से बने वस्त्रों की शुल्क घटने से मांग



बढ़ेगी। हमारे रत्न और आभूषण उद्योग के लिए भी यह समझौता बड़ी राहत लेकर आया है। प्रदेश के व्यापारियों को अमेरिकी बाजार में बेहतर प्रतिस्पर्धा का मौका मिलेगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए यह वरदान है। राजस्थान में लाखों एमएसएमई इकाइयां हैं जो रोजगार का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।